कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 379, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 14 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आज देश नई ऊंचाइयों को छू रहा: मोदी



## बेंगलुरु का आसमान नए भारत की सैन्य शक्ति का गवाह, हमने अब तक के रिकॉर्ड 1.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा के एक्सपोर्ट को पार किया: मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के उद्घाटन दिवस पर कहा कि बेंगलुरु का आसमान नए भारत की सैन्य शक्ति का गवाह बन रहा है। बेंगलुरु का आसमान इस बात की गवाही दे रहा है कि नई ऊंचाइयां नए भारत की सच्चाई है। आज देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और उनसे आगे निकल भी रहा है। एक समय था जब इसे सिर्फ एक शो माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश ने इस धारणा को बदल दिया है। आज यह सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'इंडिया पवेलियन' का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग 100 देशों की उपस्थिति दशार्ती है कि दुनिया का भारत पर भरोसा कई गुना बढ़ गया है। इस प्रदर्शनी में भारत और दुनिया के 700 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। एयरो इंडिया एक नए भारत के नए दृष्टिकोण को दशार्ता है। एक समय था जब इसे सिर्फ एक शो माना जाता था। पिछले कुछ वर्षों में देश ने इस धारणा को बदल दिया है। आज यह सिर्फ शो नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन भी है। यह भारतीय रक्षा उद्योग के दायरे और हमारे आत्मविश्वास पर भी ध्यान केंद्रित करता है। हम रिफॉर्म्स के रास्ते पर हर सेक्टर में क्रांति ला रहे हैं। जो देश दशकों से सबसे बड़ा डिफेंस इंपोर्टर था, वो अब दुनिया के 75 देशों को डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से देश के रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अपने तकनीकी कौशल का उपयोग करने की भी अपील की। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करें, इसका उपयोग देश के रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने और नए नवाचारों को खोलने के लिए करें। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक रक्षा बाजार के रूप में ही नहीं बल्कि एक संभावित रक्षा भागीदार के रूप में भी देखती है। प्रदर्शनी में भाग लेने वाली भारतीय कंपनियों में एमएसएमई और स्टार्ट-अप शामिल हैं, जो देश की एयरोस्पेस और रक्षा क्षमताओं में विशिष्ट प्रौद्योगिकियों की प्रगति और विकास का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत अब न तो कोई मौका गंवाएगा और न ही मेहनत करने में पीछे रहेगा। हम सुधारों की राह पर हर क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं। दशकों तक रक्षा का सबसे बड़ा आयातक देश अब 75 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है।आज भारत दुनिया में रक्षा कंपनियों के लिए सिर्फ एक बाजार नहीं है। भारत आज एक संभावित रक्षा भागीदार है। यह साझेदारी उन राष्ट्रों के साथ भी है जो रक्षा क्षेत्र में बहुत आगे हैं, ऐसे राष्ट्र जो अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए एक भरोसेमंद साथी की तलाश कर रहे हैं। 2021-22 में हमने अब तक के रिकॉर्ड 1.5 बिलियन डॉलर से ज्यादा के एक्सपोर्ट को पार कर लिया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वैश्विक आकाश में भारत एक ऐसा सितारा बनकर उभरा है जो न केवल चमक रहा है, बल्कि दूसरों को भी अपनी चमक से रोशन कर रहा है।





आकार, प्रदर्शन और प्रदर्शन के मामले में एयरो शो का यह संस्करण वास्तव में विशेष है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़े एयर शो में से एक है। रक्षा क्षेत्र में भारत ने एक बार फिर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। भारत को भविष्य में सबसे बड़ी वैश्विक शक्ति बनाने के लिए, अर्थव्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था और

## 'कर्नाटक के युवा डिफेंस में देश की ताकत बढ़ाएं'

**पीएम** मोदी ने कहा कि यह शो एक और वजह से खास है यह कर्नाटक जैसे टेक्नोलॉजी की दुनिया में जगह बनाने वाले राज्य में हो रहा है। इससे कर्नाटक के युवाओं के लिए नई संभावनाएं खुलेंगी। मैं आह्वान करता हूं आपको जो महारत हासिल है उससे रक्षा क्षेत्र में देश की ताकत बढाएं। आप ज्यादा जुड़ेंगे तो नए रास्ते ज्यादा खुलेंगे।



**भारत कोई मौका नहीं खोएगाः मोदी**

**प्रधानमंत्री ने कहा कि** हमारे यहां कहा जाता है प्रत्यक्षं किम प्रमाणम्, यानी प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं। आज आकाश में गर्जना करते तेजस मेक इन इंडिया का प्रमाण है। हिंद महासागर में आईएनएस विक्रांत, गुजरात के वडोदरा में या तुमकुरु में एचएएल के हेलिकॉप्टर इस बात का प्रमाण है। 21वीं सदी का भारत न कोई मौका खोएगा न मेहनत में कमी रखेगा। हम कमर कस चुके हैं।

रक्षा के मामले में कर्नाटक सबसे बड़ा योगदानकर्ता होगा। उन्होंने पहले दिन बेंगलुरु में नेपाल के रक्षा मंत्री हरि प्रसाद उप्रेती और बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार मेजर जनरल तारिक अहमद सिद्दीकी से मुलाकात की।



## खबर संक्षेप

### भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लगा रहा थाने के चक्कर

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र का एक युवक अपने बड़े भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सरायइनायत व झूंसी थाने का चक्कर काट रहा है। देर शाम तक उसकी रिपोर्ट नही दर्ज हो पाई थी। चकिया हिनौता निवासी अनुज कुशवाहा सोमवार को अपने बड़े भाई अंकित कुशवाहा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने सरायइनायत थाने पहुंचा था। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उसे झूंसी थाने भेज दिया। पीड़ित ने झूंसी थाने में शिकायत की तो बताया गया कि मामला सरायइनायत का है। अनुज भाई के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर काट रहा है उसने बताया कि 2 दिन पहले उसका भाई अंकित घर से सोरांव के लिए निकला था वहां अंकित एक हलवाई की दुकान में काम करता था पता चला कि अभी तक वहां नहीं पहुंचा है आसपास परिचितों में भी पता किया गया पर अंकित की कोई खबर नहीं मिली।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने दिया धरना, एसीपी को दिया गया ज्ञापन

## उत्कर्ष हत्याकांड : ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच मांग किया, हत्या के ठीक डेढ़ महीने बाद एसीपी ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया

अखंड भारत संदेश

**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ० भगवान प्रसाद उपाध्याय के पौत्र एवं पवन प्रभात हिंदी दैनिक के संपादक पवनेश पवन के पुत्र उत्कर्ष ( छात्र बी टेक द्वितीय वर्ष ) हत्याकांड में संतोषजनक कार्यवाही ना होने के कारण आज सैकड़ों पत्रकारों ने करछना थाने पर धरना दिया जिसमें शाम चार बजे एसीपी करछना धरना स्थल पर आए और उन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। एसीपी को ज्ञापन देने से पूर्व भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र ने ज्ञापन पढ़ कर सुनाया और फिर सैकड़ों पत्रकारों की उपस्थिति में ज्ञापन ए सी पी को दिया गया। इसके तत्काल बाद एसीपी महोदय ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण भी किया। डेढ़ महीने के पश्चात उनके स्थलीय निरीक्षण में उत्कर्ष के परिजन और कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले ही धरने की घोषणा की गई थी और पवनेश पवन संपादक पवन प्रभात आज परिजनों और कई पत्रकारों के साथ प्रातः 10 बजे ही थाने के सामने धरना शुरू कर दिया जिसमें क्रमशः पत्रकारों की संख्या बढ़ती गई और भारी दबाव के चलते एसीपी महोदय को आना पड़ा उन्होंने पुलिस आयुक्त प्रयागराज के नाम संबोधित ज्ञापन को स्वीकार करने के पश्चात निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र, राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं पवन प्रभात के संपादक पवनेश कुमार पवन, उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल, प्रांतीय प्रवक्ता कमल नारायण शुक्ला, जिला अध्यक्ष प्रयागराज रमाकांत त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव , जिला मुख्य महासचिव राजेंद्र पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष विकास केलकर, रतन कुमार, शुभम विश्वकर्मा, जिला संगठन सचिव प्रदीप सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश मिश्र , लालचंद प्रजापति, कमलेश सिंह राजकुमार तिवारी, पंकज कुमार पांडेय, शिव कैलाश भारतीय, दिवाकर पाल, राम बाबू पटेल, विनय कुमार शर्मा, सुशील कुमार यादव, आदित्य कुमार, राजन सिंह, शिवम मिश्रा विकास पांडेय, ननकेश बाबू, गोपी कृष्ण पांडेय, लालता प्रसाद मिश्र, तुषार कांति, रोहित कुमार, राम बाबू द्विवेदी, सत्यम कुमार, सुकेश कुमार, कमलेश पटेल, संजय सिंह, मुदित सिंह, सुनील मिश्रा आदि सैकड़ों लोग रहे।

# ससुराल जा रही नई नवेली दुल्हन बारातियों को चकमा देकर फरार

### कन्या पक्ष के लोग हैरान हो कर तलाश में जुटे , बरातियों में मची खलबली

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** नई नवेली दुल्हन बिदा होकर ससुराल जा रही थी कि रास्ते मे लघुशंका के बहाने कार से उतरी पानी लेकर झाड में गयी फिर वापस नहीं लौटी। देर होने पर जब दुल्हा झाड में गया तो वह नदारद थी। बाद में खेतों में काम कर रहे लोगों ने बताया कि एक दुल्हन एक युवक की बाइक पर बैठ कर गयी है। सच्चाई पता चलने से बारातियों ने इसकी सूचना दुल्हन के परिजनों को दी। यह सुनते ही युवती के परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। बिन दुल्हन के बारात वापस लौट गयी।युवती के परिजन बेटी की तलाश में जुटे हैं। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रतापगढ क्षेत्र से एक बारात रविवार को शाम को आयी थी। तमाम रीति रिवाज के बाद सोमवार को सुबह जब दुल्हन बिदा होकर ससुराल जाने लगी तो मऊआइमा सीमा से सटे हुए एक सुनशान क्षेत्र में दुल्हन लघु संका के लिए बोली। बताते हैं कि कार रोक कर दुल्हन को पानी दुल्हा देकर झाड में भेज दिया। बताया गया है कि काफी देर के बाद जब दुल्हन नहीं लौटी तो दुल्हा और बाराती दुल्हन को देखने के लिए गए तो दुल्हन नदारद थी। पानी का भरा बोतल फेंका था। खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि एक युवक बाइक लेकर कई घंटों से चकरोड के पास खडा था। जब एक लाल साडी पहने एक युवती आयी तो वह युवक के बाइक पर बैठ कर चली गई। यह सुनते ही दुल्हा के परिजनों ने सारी दास्तान युवती के परिजनों को बताई। यह सुनते ही युवती के परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गयी। बाराती बिना दुल्हन के वापस लौट गए। जबकि की युवती के परिजनों द्वारा बेटी को तलाशने में जुटे हुए थे। बताते हैं कि युवती का किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था । उक्त घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं किसी भी पक्ष ने थाने में कोई तहरीर नहीं दी है।



# उज्ज्वल भविष्य की कामना संग दी गई इंटर के बच्चों को विदाई

### फेयरवेल पार्टी में जूनियर ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दी बोर्ड परीक्षा की शुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना और बोर्ड एग्जाम में सफलता की शुभकामना दी गई। समारोह का शुभारंभ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। जूनियर बच्चों ने सीनियर्स के विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और परीक्षा में अच्छे अंक से सफलता की शुभकामना दी। विद्यालय प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने सभी छात्र-छात्राओं को पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करने और परीक्षा देने का आह्वान किया। प्रबंधक ने कहा, ईमानदारी से की गई मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। विद्या ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है, इसलिए सभी बच्चे पढ़ाई पर फोकस करें और आगे बढ़ें। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मणिशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, मनोज तिवारी, धर्मराज कुशवाहा, पंकज श्रीवास्तव, पंकज मिश्र, सुधीर नारंग, रीता सुसारी, सिम्मी गुप्ता, मीरा श्रीवास्तव, राजेश गोस्वामी, रीना देवी, नवीन, अखिलेश पांडेय, स्मिता राय, मधु, रेखा, ऊषा सिंह, दीपक केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन बहाली हमारा लक्ष्य: राजेंद्र पाल

### एनपीएस निजी कारण भारत छोड़ो पेंशन आंदोलन का महा सम्मेलन आयोजित

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** अटेवा पेंशन बचाओं मंच एवं फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से लंका मैदान, गाजीपुर में आयोजित हुआ। महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अतिथि फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र पाल ने कहां कि लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन बहाली हमारा लक्ष्य है, आगे उन्होंने कहा कि राज्यों के शिक्षक कर्मचारियों और रेल कर्मचारीयों सहित देशभर तमाम पेंशन विहीन कर्मचारियों बढ़ रहे दबाव के कारण ही प्रधानमंत्री जी पेंशन मुद्दे पर बोले है। पुरानी पेंशन पर माननीय का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा आने वाले समय मे केन्द्रीय और राज्य सरकार के कर्मचारियों के दबाव के कारण ही केन्द्रीय सरकार को पेंशन बहाल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.विजय कुमार बंन्धु रहे और कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बंन्धुजी ने कहा कि जो संगठन एनपीएस को लागू करने मे सरकार के साथ रहे और ट्रस्टी बने ऐसे संगठन द्वारा पुरानी पेंशन के नाम पर अलग अलग मोर्चे बनाऐ जा रहे है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। दफन हो चुके पुरानी पेंशन मुद्दा को अटेवा ने उठाया एनएमओपीएस और सहयोगी संगठनों के नेतृत्व मे पेंशन मुद्दा राष्ट्रव्यापी बना है और संघर्ष का नतीजा है कि पांच राज्यों मे पुरानी पेंशन बहाल किया हुआ है। यह भी कहा कि आगे पूरे देश मे पुरानी पेंशन बहाल होगी। पुरानी पेंशन मुद्दे के पक्ष मे तो नही लेकिन पहली बार प्रधानमंत्री जी ने इस मुद्दे पर कुछ बोला है। पेशन के लिए संघर्ष सही दिशा मे है जीत निश्चित होगी। उन्होंने कहा आगामी 2024 चुनावी वर्ष को देखते हुए दिल्ली मे बड़े आंदोलन के लिए रेल कर्मचारियों की बड़ी भागेदारी कराने के लिए डिवीजन स्तर पर तैयारी चल रही है। पेंशन महासम्मेलन मे राज्य शिक्षक कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या मे रेलवे कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जिसमे प्रमुख रूप से पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल से अखिलेश पाण्डेय जोनल अध्यक्ष, एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस राकेश कुमार संयोजक राजपति जी, मिथिलेश कुमार, विरेन्द्र पाल, अरविंद कुशवाहा, सुदीप कुमार, लालसाहब यादव, हरिशंकर यादव, उज्जवल किशोर उपाध्याय, कलामुद्दीन, प्रहलाद, संतोष कुशवाहा, संजय कुशवाहा, मनोज सिंह, अवधेश यादव, रामवली पाल, इमरान अंसारी, मिथिलेश भारती, रणजीत कुमार, मनोज सिंह एवं बनारस रेल इंजन कारखाना वाराणसी से बड़ी संख्या मे रेल कर्मचारी उपस्थित रहे जिसमे प्रमुख रूप से प्रदीप यादव, अध्यक्ष ,रेल मजदूर यूनियन सुशील सिंह संगठन मंत्री डी एन भट्ट कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कुमार सचिव सुधीर बाबू, कौशल चौरसिया, चितरंजन कुमार,रतन कुमार, भरत कुमार, संजय चतुवेर्दी, जैरामजी, अमीत कुमार, सूर्य प्रकाश प्रजापति सहित बड़ी संख्या मे रेलकर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिए प्रचार सचिव डॉ कमल उसरी ने दी।



# पुलिस एटीएम में घुसे चोरों के करीब, जल्द होगा खुलासा

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कोटवा चौराहे पर लगे एसबीआई के एटीएम में तीन दिन पहले चोरी के प्रयास के मामले में स्थानीय पुलिस व क्राइम ब्रांच ने कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सूत्रों की माने तो पुलिस एटीएम में हुए चोरी के प्रयास का कल तक खुलासा कर सकती है। कोटवा चौराहे पर मौर्य मार्केट में लगे एसबीआई के एटीएम में शुक्रवार की रात गैस कटर लेकर चोर एटीएम मशीन को काटने का प्रयास कर रहे थे तभी पड़ोस के रहने वाले एक व्यापारी की नींद खुल गई। वह बाहर आये देखा कि एटीएम के अंदर से आवाज आ रही थी और शटर भी गिरा हुआ है। व्यापारी समझते देर नहीं लगी वह शोर मचाने लगा शोर सुनकर आसपास के लोग बाहर आ गए और चोरों को दौड़ा लिया बाइक से चोर फरार हो गए एटीएम बूथ के अंदर से पुलिस ने गैस कटर, सिलेंडर व अन्य उपकरण बरामद किया। एसीपी फूलपुर मनोज कुमार सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया था कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा होगा।




# चनेथू का रफ्टा पुल जीर्ण शीर्ण आवागमन बंद

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** चनेथू नीबी, बरियांवा ग्राम सभा के मध्य बरुणा नदी पर बना रफ्टा पुल जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गया है जिसके कारण आवागमन बंद हो गया है।इस मार्ग का प्रयोग प्रयागराज, फूलपुर, हंडिया, वारी, दुगार्गंज, भदोही, ज्ञानपुर, विंध्याचल आदि स्थानों पर जाने के लिए लोग करते हैं। बारिश में यह रास्ता बिल्कुल बंद हो जाता है पानी पुल के उपर से बहता है पुल में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम हंडिया एवं अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जर्जर पुल की मरम्मत हेतु प्रार्थना पत्र दिया लेकिन न तो मरम्मत हो रही है और न ही नये पुल का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण आम जनमानस में आक्रोश व्याप्त है।

### देर रात प्रयागराज पहुंचेंगे राहुल गांधी, मंगलवार को कमला नेहरू ट्रस्ट की बैठक में लेंगे हिस्सा

**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार की देर रात प्रयागराज पहुंचेंगे। वह अपने पुरखों की निशानी स्वराज भवन में रात्रि विश्राम करेंगे। मंगलवार की सुबह वह कमला नेहरू ट्रस्ट की अहम बैठक में हिस्सा लेंगे। अपने करीब 14 घंटे के संगमनगरी प्रवास के दौरान दौरान वह आनंद भवन व अस्पताल प्रबंधन से जुड़े लोगों से मुलाकात भी कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ कैंसर के उपचार के लिए कुछ मशीनों का लोकार्पण भी कर सकते हैं। राहुल गांधी केरल के वायनाड से विमान से सीधे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाराणसी पहुंचेंगे। वहां से वह सीधे सड़क मार्ग से कार द्वारा प्रयागराज आएंगे। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि राहुल गांधी रात को स्वराज भवन में प्रवास करेंगे। मंगलवार को कमला नेहरू ट्रस्ट की बैठक में हिस्सा लेने के बाद वह दोपहर करीब 2:30 बजे बम्हरौली एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# सेंट्रल एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ0 एसपी सिंह, विशिष्ट अतिथि लक्ष्यजया मिश्रा, रामनरेश पिंडीवासा और विद्यालय समूह के अध्यक्ष डॉ0 संगम मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से किया गया। जिसके बाद कक्षा 3 के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से मां सरस्वती की आराधना की गई। कक्षा 4 के बच्चो ने सत्यभामा नृत्य नाटिका के द्वारा संदेश दिया कि मनुष्य का घमंड ही उसके पतन का कारण होता है। ओ जन्मभूमि, माटी के रंग वा, छूना है आसमां जैसे कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगो को आनंदित कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0 एसपी सिंह ने बच्चों की प्रतिभा को सराहाते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास होता है। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के निदेशक एसके तिवारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कुमार पांडे ने किया संचालन नन्हे-मुन्ने प्रखर, शाश्वत, अद्विका व शांभवी ने संयुक्त रूप से किया। आखिर में समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजई विद्यार्थियों को पुरस्कार भी किया गया। इस अवसर पर रिचा त्रिपाठी, दीप्ति मिश्रा, हरी कृष्ण शुक्ला, डॉ उमेश मिश्रा, डॉ देवी प्रसाद कुंवर व पिंटू नेता आदि उपस्थित रहे।



# नौ दिवसीय रामकथा में राम सीता विवाह का प्रसंग सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में समाज सेवी चन्द्रभान सिंह के संयोजन में चल रही संगीतमयी नौ दिवसीय रामकथा के पांचवें दिन कथा पंडाल में व्यासपीठ, श्रीरामचरितमानस भगवान एवं मयार्दा पुरुषोत्तम के पूजन के पश्चात रामायण कुटी चित्रकूट धाम से पधारे कथा वाचक श्री श्री 108 स्वामी श्री राम हृदय दास जिज्ञासु जी महाराज ने उपस्थित श्रोता भक्त नर नारियों को राम सीता विवाह कथा का सजीव वर्णन करते हुए भाव विभोर कर दिया। कथा व्यास ने भक्त श्रोताओं को राम सीता विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाते हुए कहा धन्य हे मां जानकी किशोरी जी जिन्होंने मिथिला के साथ-साथ अयोध्या धाम को भी तार दिया। उन्होंने कहा हमारे समाज में संस्कारी बेटियां दो कुलों की सात पीढ़ी का उद्धार करती हैं परंतु बेटे केवल एक कुल का



ही उद्धार करते हैं अगर संस्कारी हों तो। इसलिए हर मनुष्य का कर्तव्य होता है कि शिक्षा व धन अर्जन के साथ भक्ति भावना की तरफ भी प्रेरित करें उनको भी प्रभु भक्ति मार्ग की तरफ बढ़ाएं। कथा व्यास द्वारा राम कथा में राम सीता विवाह सुंदर प्रसंग के दौरान,, आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां चारों दूलहा में बड़का कमाल सखियां।। एवं ,, रघुवर बड़े भाग्य से मिथिला ससुराल देखा हो।। सुंदर भजन पर भक्त महिलाएं झूम उठीं तथा राम सीता विवाह प्रसंग के साथ जैसे ही जय माल का प्रसंग आया जय माल पढ़ते ही पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से एवं भगवान के जयकारा तथा श्रीराम के नारे से पूरा पंडाल राम मय हो गया। कथा विश्राम पर मुख्य अजमान अवधराजी देवी एवं आयोजक चन्द्रभान सिंह सहित श्रोता भक्तों ने व्यासपीठ, मानव भगवान एवं भगवान राम की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह, संदीप द्विवेदी, भूपेंद्र मिश्रा, विनय पांडे, प्रमोद तिवारी आजाद, भानु प्रकाश सिंह, विपिन सिंह, विनय सिंह, विकास सिंह, वैभव सिंह, सहित आदि श्रद्धालु भक्त उपस्थित होकर कथा का रसपान किए।

### मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक की हालत गंभीर

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नेवरिया गांव निवासी राहुल सिंह 25 वर्ष पुत्र जंग बहादुर सिंह सोमवार की शाम शंकरगढ़ से अपने गांव नेवरिया जा रहे थे।रास्ते में चुंदवा गांव के पास अचानक गाय के आ जाने से गाड़ी लड़खड़ा गई और दूसरी ओर से धर्मपाल सिंह 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल सिंह रास्ता पार कर रहे थे और दोनों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।गंभीर रूप से घायल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ लाया गया। चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत हालत नाजुक होने के कारण एसआरएन हॉस्पिटल रिफर किया गया।

# इफको अधिकारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** इफको फूलपुर इकाई के ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व जनसंपर्क अधिकारी संजय मिश्रा की रविवार को जॉर्डन में हृदयाघात हो जाने से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर इफको इकाई सहित आसपास के क्षेत्रीय लोगों के साथ शुभचिंतकों, जनप्रतिनिधियों में शोक व्याप्त हो गया। जिस पर सोमवार को एक शोक सभा बाबूगंज पंचायत भवन पर सहकारी समिति भुलईकापूरा के अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने संजय मिश्र के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सच्ची श्रद्धांजलि एवं शोक व्यक्त करते हुए अध्यक्ष रविंद्र शास्त्री ने कहा कि उनकी क्षेत्र में लोगों के प्रति उदारवादी स्वभाव के साथ हंसमुख व जिन्दा दिल इंसान के रूप में अलग पहचान थी। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र के सभी लोग मर्माहत हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मृतक आत्मा के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से मृत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। शोक सभा में प्रमुख रूप से सुजीत दूवे, सुरेन्द्र मिश्र, भास्कर पटेल, राजेन्द्र पटेल, आलोक यादव, राकेश केशरवानी आदि लोग उपस्थित होकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए।



शोक सभा में उपस्थित रविंद्र शास्त्री व अन्य।

# डीएम ने दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी का फीता काटकर किया उद्घाटन

## विशेष बच्चों की रचनात्मकता होती है अद्वितीय : जिलाधिकारी, दिव्यांगजन बच्चों को और प्रशिक्षित किए जाने का दिया सुझाव

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों में अन्तर्निहित सृजनात्मक क्षमता को सार्वजनिक क्षेत्र में उजागर करने तथा उनकी पहुंच जनसामान्य तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य निधि अंतर्गत उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज के सहयोग से निर्मित उत्पादों एवं कलाकृतियों के प्रदर्शन हेतु दिनांक 13 से 15 फरवरी, 2023 तक त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग कला मेला एवं दिव्य शक्ति प्रदर्शन (सांस्कृतिक कार्यक्रम) का आयोजन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी एवं आर्ट गैलरी का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शनी में लगाये गये प्रत्येक स्टॉल पर जाकर दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। जिलाधिकारी ने उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा इसे और बेहतर करने हेतु प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी द्वारा उत्पादों की खरीददारी भी की गयी। आर्ट गैलरी का अवलोकन करते हुए प्रत्येक पेंटिंग को देखा तथा उनके संदेश के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में जनपद की 18 व अन्य जनपदों की 11 (कुल 29) स्वैच्छिक संस्थाओं/शिक्षण संस्थानों द्वारा 35 स्टाल लगाकर अपनी कलाकृतियों, उत्पादों, तकनीकी नवाचार, चित्रकला का प्रदर्शन एवं जन सामान्य को कलाकृतियों एवं उत्पादों की बिक्री की जा रही है। जिलाधिकारी के समक्ष जनपद में विभाग द्वारा संचालित बचपन डे केयर सेण्टर एवं स्वैच्छिक संस्था-इसराजी देवी शिक्षण संस्थान, प्रयागराज में अध्ययनरत विशेष बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं/विशेष बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादों एवं विशेष अध्यापकों द्वारा प्रशिक्षित विशेष बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी रचनात्मकता अद्वितीय है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन को एक अच्छी पहल बताया। कहा कि आपके द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता को प्रशिक्षण देकर और बेहतर किए जाने तथा बाजार में बिक्री हेतु एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, जिससे कि आर्थिक लाभ के साथ आत्मनिर्भर हो सकें। प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मण्डल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रधानाचार्य उत्तर मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज एवं अन्य विभागीय विद्यालयों/ स्वैच्छिक संस्थाओं कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारी एवं विशेष बच्चें/ अभिभावक उपस्थित रहे।

## प्रदेश के 147 केंद्रों पर 65 हजार छात्र देंगे परीक्षा

### राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 14 फरवरी से, परीक्षा के सफल संचालन के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र दिसंबर 2022 की परीक्षाएं 14 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि परीक्षाएं 31 मार्च को समाप्त होंगी। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, झांसी, कानपुर, नोएडा, मेरठ, आगरा तथा अयोध्या क्षेत्रीय केंद्र से सम्बद्ध अध्ययन केंद्रों से नामांकित 65000 शिक्षार्थी प्रदेश में लगभग 147 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षाएं दो पालियों में प्रातः 10:00 से 1:00 बजे तक तथा दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जेल बंदी परीक्षार्थी प्रदेश के 8 केन्द्रीय कारागारों प्रयागराज, आगरा, आजमगढ़, गाजियाबाद, अयोध्या, बरेली, मेरठ एवं फतेहपुर में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों में ही परीक्षा देंगे। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि परीक्षा सामान्य प्रश्नपत्रों की तरह निबंधात्मक शैली में आयोजित की जाएगी। जिसकी समयावधि 3 घंटे की रहेगी। जबकि ओएमआर आधारित प्रश्नपत्रों की परीक्षा वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय होगी। जिसकी समयावधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। परीक्षा से सम्बन्धित समय सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इस बार की परीक्षा में शामिल होने वाले सभी शिक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं। शिक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार, गैलरी सहित प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा लगवाए जा रहे हैं। पारदर्शिता पूर्ण नकल विहिन परीक्षा संपन्न कराने के लिए उड़ाका दल एवं पर्यवेक्षकों की टीम का गठन कर लिया गया है। परीक्षा के सकुशल संपादन के लिए विश्वविद्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जहां परीक्षा केंद्रों के प्राचार्य, केंद्राध्यक्ष तथा केन्द्र समन्वयक परीक्षा समय में कंट्रोल रूम से संपर्क बनाए रखेंगे। इसके साथ ही क्षेत्रीय केंद्र वार समस्या का समाधान करने के लिए परीक्षा विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।




## आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को समाज सेवा के लिए मिली पीएचडी की उपाधि, बड़ी संख्या में लोगों ने दी बधाई

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महाराज को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गोवा के द थामस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से पीएचडी की उपाधि आज प्रदान की गयी। यह जानकारी विवि के डायरेक्टर इरदा ईसिन ने देते हुए बताया कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी जी महाराज को यह अवार्ड किन्नरों और टांसजेण्डरों के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ आचार्य महामंडलेश्वर ने किन्नर / टांसजेण्डरो के हक और सम्मान का अधिकार कानूनी तरीके से सुप्रीम कोर्ट से प्राप्त किया तो दूसरी ओर वर्ष-2016 में मध्यप्रदेश के उज्जैन कुंभ में किन्नर अखाडा का गठन करके समाज में मान- सम्मान दिलाया गया। उल्लेखनीय है कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज ने किन्नरों के हित की लड़ाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी थी। 2012 में नाश्नला जजमेंट से किन्नरों / टांसजेण्डरो को थर्ड जेंडर का अधिकार मिला। उसके बाद से कई प्रदेश की सरकारों ने अपने विभागों में रिक्त पदों में नियुक्त के लिए थर्ड जेंडर का कालम अलग से शुरू कर दिया। कई प्रदेश की सरकारों ने किन्नरों को सरकारी योजनाओं - पेंशन, आवास, जमीन का पटटा, खाद्यान्न योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ दे रही है। केंद्र सरकार, यूपी, बिहार सहित कई राज्यों में किन्नर वेलफेयर बोर्ड का गठन कर किन्नरो को राज्य मत्री और सदस्य का दर्जा दिया गया। किन्नर अखाडा के आचार्य महामंडल स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज ने वर्ष- 2016 में थर्ड जेंडर को स्थापित करने के लिए किन्नर अखाड़े का उज्जैन महाकुंभ में गठन किया और प्रयागराज कुंभ- 2019 के दौरान किन्नर अखाड़ा को बुलंदियों तक ले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्थाओं और लोगों ने किन्नरों का उप देवता मानते हुए उनका सम्मान देना समाज में शुरू कर दिया है। आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज ने कहा कि वह किन्नरों के हित के लिए आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे और उनकी जो भी हो सकेगी हर तरह से मदद करेंगे जिससे कि उनको सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और वह अपना जीवन बेहतर तरीके से जी सकें। कोविड के दौरान आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्तर पर किन्नर / टांसजेण्डरो की आर्थिक एवं अन्य तरह से व्यापक स्तर पर मदद किया था। उधर, उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य / किन्नर अखाडा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि(टीना मा), प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि (छोटी गुरु), श्रीमहंत वैष्णवी नंद गिरि, श्रीमहंत संजनानंद गिरि, नैना, शोभा, मनीषा, राधिका, नगमा,सृष्टि,मेजा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया, किन्नरो के लिये कथा कर रहे प्रसिद्ध कथावाचक / वरिष्ठ अधिकारी डा अशोक हरिवंश, वरिष्ठ समाज सेवी राजीव मिश्रा, प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता मिश्रा, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट)के संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव, अभिषेक तिवारी सहित अन्य ने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महराज को बधाई दिया है।

# कण कण में शंकर का वास है : अंकुश जी महराज





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** क्षेत्र के विकास खण्ड माण्डा के ऊँचडीह में पंडित राम उजागर शुक्ल के आवास पर रविवार से आयोजित सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव कथा के दूसरे दिन कथा व्यास अंकुश जी महराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि शिवपुराण का सार है ओम नमः शिवाय मंत्र । उन्होंने शिव कथा कहते हुए कहा कि शिवपुराण कथा अनंत फल प्रदाई है । आगे उन्होंने शिव पुराण की पतित पावनी गौरव गाथा का श्रद्धालुओं का श्रवण कराते हुए कहा कि केदार नाथ में जाकर कोई भी सवा करोड़ मंत्र का जप करे तो उसको शिव अपना मित्र बना लेते हैं या यह कहें कि वह शिव के समान हो जाता है । उन्होंने कहा शिव के बगैर संसार मे कुछ नहीं है ,कण कण में शिव शंकर है प्रत्येक कंकण में शंकर है, कोई कण कोई छण बिना शंकर के नहीं है । शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा की एक बार विष्णु भगवान से शंकर जी ने कहा कि आप बैकुंठ छोड़ कर धरती पर आते नहीं तो आप का दर्शन कैसे हो तो विष्णु भगवान ने कहा कि मैंने सुना है धरती पर कण कण में आप हैं तो आप पर मैं पैर रखकर कैसे आऊंगा तो भगवान शिव ने कहा कि एक रास्ता है आप सर्प बनकर आ जाओ तो उन्होंने कहा कि भगवान आ तो जाऊंगा लेकिन जाऊंगा कैसे तो भगवान शिव ने कहा आ जाओ जाने की जरूरत नहीं है मेरे गले की शोभा बढ़ाना। कथा के मुख्य यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल व उनकी पत्नी श्यामलता शुक्ल ने शिव जी व कथा व्यास अंकुश जी महराज की पूजा अर्चना कर आरती उतारी उसके बाद कथा वाचक अंकुश जी महाराज ने कथा का शुभारंभ किया । कथा शिव की आराधना, आह्वाहन के बाद शुरू हुई । कथा के दूसरे दिन कथा सुनने के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के आयोजक धर्मप्रकाश शुक्ल(महादेव) व धनंजय शुक्ल ने सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभी लोग सात दिन शिव कथा सुने और अपने जीवन को धन्य बनाएं । कथा के दूसरे दिन किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर टीना माँ व अधिवक्ता हाईकोर्ट में अंकुश जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला फांसी पर झूली

**बारा।** थाना क्षेत्र के नीबी ग्राम सभा के कुर्मियान मोहल्ला,लोहगरा लाइनपार में एक महिला फाँसी के फंदे पर झूल गई। घरवालों को जब इसकी जानकारी मिली तो उनके पैरों के नीचे की जमीन ही खिसक गई।धीरे धीरे ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।स्थानीय लोगों ने बारा पुलिस को भी इसकी जानकारी दे दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया।थाना प्रभारी निरीक्षक बारा अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतका रश्मि पटेल (38वर्ष)पत्नी अमरजीत सिंह पटेल का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। किन कारणों से उसने यह खौफनाक कदम उठाया, यह निश्चित नहीं हो पाया है।बारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया।सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान ने बताया कि मृतका रश्मि के तीन बच्चे हैं।परिवार में सुख शांति बनी रहती थी।रश्मि की मौत से उसके बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था।परिजनों में मातम पसरा हुआ था।

## प्रशिक्षण में गंगा दूतों को स्वच्छता के प्रति किया जागरुक




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय 50 गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन सुजाना देवी बालिका इंटर कॉलेज प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने सभी गंगा दूतों को परियोजना से जुड़ने हेतु बधाई दी और नदियों के महत्व पर चर्चा की 'जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने युवाओ नमामि गंगे परियोजना मे युवाओ की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा जीवनदायनी नदियों का महत्व सभी को समझना बेहद जरूरी है ' तालाब बचाओ अभियान के संयोजक एवं शोध छात्र रामबाबू तिवारी ने जल के प्राकृतिक स्रोत तालाबों व कुओं के संरक्षण-संवर्धन पर चर्चा करी' प्रशिक्षक नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान से नीतीश कुशवाहा ने नुक्कड़ नाटक, कहानी वचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया ' राम अवध कुशवाह ने नेहरू युवा केंद्र का कार्य, युवा मंडल गठन और सक्रिय करने का तरीके पर चर्चा करी ' भारतीय वन्य जीव संस्थान के सामुदायिक अधिकारी के पी उपाध्याय ने गंगा के प्रदूषण, समस्या, और दुष्प्रभाव पर चर्चा की साथ ही जैव विविधता एवं उसके संरक्षण पर चर्चा की और बताया पानी में रहने वाले जीव-जन्तुओं की एक विशेषता यह है कि ये जल प्रदूषण को भी रोकते हैं।समापन में सभी गंगा दूतों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ' कार्यक्रम मे स्पीयर हेड लीडर कुलदीप और रोहित ने गंगा स्वच्छता दिलाया कार्यक्रम के आयोजन में श्रीकांत का अहम योगदान रहा '

## थाना खीरी द्वारा 1 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कोराव।** पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन के अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान बीबी के क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि व पुलिस उपायुक्त यमुनानगर दीपक भूकर के निर्देश व सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा योगेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खीरी विरेन्द्र कुमार सोनकर के कुशल नेतृत्व में गठीत पुलिस टीम द्वारा द्वारा एस0टी0 नं0/मु0नं0 1476/05 धारा 379/411 भादवि, माननीय न्यायालय खट कककइलाहाबाद से सम्बन्धित 01 वारंटी अनिल कुमार तिवारी पुत्र रामअभिलाष तिवारी नि0 ग्राम जोरवट थाना खीरी कमिश्नरेट प्रयागराज को आज दिनांक 12.02.2023 को थाना खीरी क्षेत्रान्तर्गत जोरवट से गिरफ्तार किया गया। नियानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 श्री अनुराग, म0का0 मीना यादव, का0 कौशिक यादव, का0 विजय पटेल थाना खीरी शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### इम्पो वेरयोजना के तहत गेम फार गर्ल की बीएमजी डिग्री कॉलेज में हुई स्थापना




**करछना।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज की ओर से इम्पो वेरयोजना के अंतर्गत लड़कियों हेतु गेम फार गर्ल की स्थापना बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा में सोमवार को हुयी । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी परिक्षेत्र के महाप्रबंधक गिरीश जोशी व विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक के. पी. सिंह व बीएमजी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्रबंधक एनपी सिंह मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह रणविजय सिंह विजय कुमार मिश्र डां अनिल कुमार पाठक डां सच्चा प्रसाद मिश्र प्रधानाचार्य भगवानदास यादव सुरेंद्र सिंह समेत कालेज की छात्र-छात्राएं भी मौजूद रही।

### बच्चों के विवाद में पड़ोसी ने मां-बेटे को पीटा



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के महमजिया गांव निवासी रेशमा बेगम 35 व उसके बेटे शाहिद 15 कि रविवार को दोपहर के समय बच्चों के विवाद के चलते पड़ोसियों ने मां बेटे की लाठी डंडे से पिटाई कर दिया। आरोप है की दोपहर के समय पड़ोसी बच्चों के विवाद को लेकर उसे गाली गुप्ता दे रहे थे। जिसका विरोध करने पर पड़ोस के ही तीन लोगो द्वारा उनकी लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों के शरीर पर चोटे आई है। शाहिद अपनी मां के साथ थाना उतरांव पहुंचकर तीन लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नही की।

### आजाद नगर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन संपन्न



**झूंसी।** रविवार को झूंसी के मोहम्मद सादिक (राजू) छात्र नेता समाजसेवी ने आजाद नगर मोहल्ले में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमे भारी संख्या में लोगो का आँख का निशुल्क इलाज कराया गया। हजारों व्यक्तियों एवं महिलाओं को मुफ्त चश्मा एवं दवा वितरित किया गया' इस इलाज में मोतियाबिंद के मरीजों को 5000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई ' इस शिविर का आयोजन रीति ऑफ केयर एवं पैथोलॉजी मोहम्मद सादिक राजू के सौजन्य से किया गया।

### चारागाह पर निर्माण करने पर अधिकारियों से की गई शिकायत

**मऊआइमा।** चारागाह की भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण करने को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए। अधिकारियों से लिखित शिकायती पत्र दी है। मऊआइमा के ग्राम बड़ौरा निवासी गण पारस पटेल ,राज कुमार, गीता देवी ,रूपा देवी, कडेदीन ,कृष्ण बहादुर पटेल आदि का आरोप है कि उनके ग्रामसभा के ग्राम प्रधान चारागाह की जमीन पर पंचायत भवन का निर्माण करा रहे हैं। तथा यह भी आरोप लगाया है कि गांव के कतिपय लोगों से पैसा ऐंठ कर चारागाह की जमीन पर मकान बनवा दिए। यह भी आरोप ग्रामीणों ने लगाया है कि अमृत बाटिका में लगे वृक्षों को कटवा कर कतिपय लोगों को दे दिए। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की है। उधर ग्राम प्रधान राजेश सिंह का कहना है कि गांव में कहीं भी जमीन नहीं थी। पुरानी पंचायत भवन जर्जर हो कर गिर पडी उसी पर पंचायत भवन का निर्माण किया जा रहा है ।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी

अखंड भारत संदेश

## देव स्पोर्ट्स एकेडमी छात्रावास नैनी बनी उपविजेता



**मेजा रोड।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन,प्रयागराज के तत्वावधान में स्थानीय उपरौध वॉलीबाल क्लब के सौजन्य से गांव कोसड़ा खुर्द,हाटा के पावर हाउस मैदान पर तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल-कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मैच का मुकाबला इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद और देव स्पोर्ट्स एकेडमी छात्रावास के बीच पांच सेटों का खेला गया। जिसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय की टीम ने देव स्पोर्ट्स एकेडमी छात्रावास की टीम को 25 - 19, 25 - 21, 22 - 25 और 25 - 23 अंकों से हराकर वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीत ली। इसके पूर्व खेले गए प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल के मैचों में देव स्पोर्ट्स एकेडमी छात्रावास ने रज्जू भैया स्टेट यूनिवर्सिटी की टीम को 25 - 21 और 25 - 19 अंकों से हराकर तथा दूसरे सेमीफाइनल के मैच में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कृषि विश्वविद्यालय नैनी की टीम को 25 - 17 और 25 - 20 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता में अरुण सचान, मुकेश शुक्ला, विकास बाल्मीकि, कुंवर बहादुर सिंह, अशफाक अहमद व संतोष भास्कर ने निर्णायक की भूमिका अदा की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह ग्राम प्रधान कोसड़ा खुर्द,हाटा प्रेम शंकर द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ। समापन समारोह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व वर्तमान ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कप्तान विवेक शुक्ला को ट्रॉफी व 9000 हजार रुपये की नगद धनराशि तथा उपविजेता टीम देव स्पोर्ट्स एकेडमी के कप्तान विकास पांडेय को ट्रॉफी व 7000 हजार रुपये की नगद धनराशि प्रदान की। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रुप में पधारें अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर सिंह पटेल ने खिलाड़ियों व निर्णायकों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया। आयोजन समिति की ओर से कमला शंकर सिंह व कमल बहादुर सिंह ने आये हुए समस्त अतिथियों को बैच लगाकर उनका स्वागत किया। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने प्रतियोगिता में पधारें समस्त अतिथियों, खिलाड़ियों व आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभूषण पांडेय ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष पन्नालाल सिंह एडवोकेट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त अवसर पर पूर्व क्रीड़ा अधिकारी के.पी.सिंह, प्रभाकर चौबे, विजय कुमार सिंह प्रधान हाटा, अखिलेश कुमार सिंह, श्याम सूरत सिंह प्रधान, समर बहादुर सिंह, भगवान दास, सुरेश सिंह, अनिल शुक्ला, राज नारायण सिंह, नरेंद्र सिंह व सत्य नारायण द्विवेदी आदि गणमान्य व्यक्ति व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

## सुपर ओवर में जीता एडवोकेट्स इलेवन

**झूंसी।** झूंसी स्थित चक हरिहरवन मैदान पर रविवार को खेले गए रिपब्लिक डे कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में एडवोकेट्स इलेवन ने मार्क क्रिकेट क्लब को सुपर ओवर में हराया। एडवोकेट्स इलेवन ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 169 रन (शैलेंद्र सिंह 63, हर्ष द्विवेदी 34, श्रेष्ठ यादव 31, आदेश शर्मा 3/26, रवि भूषण 2/22) बनाए। जवाब में मार्क क्रिकेट क्लब की टीम भी 19.4 ओवर में 169 रन (शिवम शुक्ल 63, आदेश शर्मा 45, अंकुर कुशवाहा 20, अतहर हुसैन 4/23, हर्ष द्विवेदी 2/29) पर सिमट गई। मैच ड्रा होने पर सुपर ओवर खेला गया, जिसमें मार्क क्लब के सात रन के जवाब में एडवोकेट्स इलेवन ने नौ रन बनाकर मैच जीत लिया। अतहर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सुपर ओवर का रोमांच दर्शकों के बीच खूब दिखाई दिया।

# जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की किया समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निरंतर फील्ड भ्रमण कर कराये जा रहे निर्माण कार्यों का अनुश्रवण करने एवं भ्रमण की डायरी बनाकर उसको प्रतिदिन अद्यतन करते रहने के निर्देश दिए है साथ ही निरीक्षण आख्या भी प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया है। ग्रामीण पाइप्ड पेयजल परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने श्रृंगवेरपुर में कराये जा रहे किसान कल्याण केन्द्र के कार्य को तेजी के साथ पूरा कराये जाने के लिए कहा है। एसआरएन बाल रोग चिकिसालय के कार्य को भी शीघ्रता के साथ पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीएससी कोटवा, राजकीय महाविद्यालय सैदाबाद, हण्डिया में लाक्षागृह के निर्माण कार्य, राजकीय महिला छात्रावास, कोरांव में अग्निशमन, धनूपुर में कस्तूरबा गांधी, सहसों किसान कल्याण केन्द्र, पॉलिटेक्निक बारा व फाफामऊ, आईटीआई कोरांव, होम्यिोपैथिक मेडिकल कालेज सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यो को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा किए गए कार्यों का टीम बनाकर सत्यापन कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जनपद में आगमन आज

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 14 फरवरी को लखनऊ से राजकीय हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर पूर्वान्ह 10.15 बजे पुलिस लाइन प्रतापगढ़ आयेगें। पूर्वान्ह 10.25 बजे उपमुख्यमंत्री जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम आएंगे, जहां पर वह सांसद खेल प्रतिस्पर्धा के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होगें। पूर्वान्ह 11 बजे उपमुख्यमंत्री जी निरीक्षण गृह लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ आयेगें जहां पर जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगें। पूर्वान्ह 11.35 बजे उप मुख्यमंत्री पुलिस लाइन आयेगें और राजकीय हेलीकाप्टर द्वारा लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे।

# इंटर के छात्र ने घर के अंदर गले मे फंदा डालकर की आत्महत्या , घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के आलापुर हिनाहू निवासी विवेक जायसवाल पुत्र राधेश्याम जायसवाल का इकलौता बेटा विनय जायसवाल उर्फ शिवा जायसवाल (17) वर्षीय सोमवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे आलापुर तिराहे से स्टेशनरी की दुकान से घर नहाने धोने के गया था। देर होने पर वापस दुकान नही आया तो लगभग साढ़े बारह बजे पिता विवेक जब घर पहुचे तो आगे का दरवाजा बन्द देख जोर से आवाज देने लगे।

कोई जवाब न मिलने पर किसी अनहोनी से आशंकित घर के बगल के पडोसी विक्की अग्रहरि के साथ छत पर से अंदर घुसे तो कमरे की जाली से अंदर झांक नजारा देखा तो दंग रह गये विनय उर्फ शिवा पंखा में लूंगी के सहारे गले मे फंदा डालकर लटक रहा था। दीवार की ईंट की दीवार की चार इंच की पर्दी को तोड़कर सभी लोग अंदर पँहुचे जिसके मुंह से खून निकल रहा था। घर का अंदर से बन्द दरवाजा को खोलकर मृतक की मां मंजू व बहन अंदर पहुँची विनय का शव देख जोर जोर चिल्लाने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुचे और मृतक विनय का शव नीचे उतरवाकर सीएचसी कालाकांकर भेजा जहाँ चिकित्सको ने विनय को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता विवेक जायसवाल की तहरीर पर शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेज दिया। मृतक विनय अपने माँ बाप की अकेली संतान था। मृतक के घटना का कारण कोई बोर्ड परीक्षा टेंशन बता रहे हैं। घटना क्षेत्र हिनाहू ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी व प्रदीप त्रिपाठी भी मौके पर पहुँचकर मृतक के पिता विवेक व माता मंजू को सांत्वना देते हुए घटना पर दुःख व्यक्त किया। मृतक के उठाये गए इस हृदय विदारक घटना ने आस पास के लोगो को झकझोर कर रख दिया किसी के इसकी कल्पना भी नही की थी कि विनय इतना बड़ा कदम उठा लेगा घटना स्थल पर सभी की आंखे नम होती दिखाई दे रही थी मृतक की अकेली बहन चीख चीख कर चिल्ला रही थी।

## जनपद के प्रभारी मंत्री का जनपद में आगमन कल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल 15 फरवरी को पूर्वान्ह 11.30 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ आएंगे। दोपहर 12 बजे जिला चिकित्सालय का भौतिक निरीक्षण करेगें। प्रभारी मंत्री दोपहर 12.30 बजे से अपरान्ह 2.30 बजे तक विकास भवन सभागार में विकास कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं/कानून व्यवस्था की समीक्षा करेगें। अपरान्ह 3 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक प्रभारी मंत्री यूर्थ कार्यक्रम/लैपटाप-मोबाइल वितरण कार्यक्रम/लैपटॉप - मोबाईल वितरण योजना से लाभान्वित छात्रों से संवाद करेगें, कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित लाभार्थियों के साथ संवाद, हर घर नल योजना का निरीक्षण, अनु0 जाति/जनजाति बस्ती का निरीक्षण/चैपाल व निराश्रित गो-वंश प्रबन्धन एवं गौ आश्रय स्थल/अमृत सरोवर (तालाब) का स्थलीय निरीक्षण करेगें। अपरान्ह 5 बजे मंत्री जी लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे।

## रोज मर्रा के जाम से हो रहे ब्यापारी परेशान

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे से जुड़ा परियावां लवाना मार्ग के पाइकगंज बाजार से इन दिनों रेलवे लाइन की गिटटी की ढुलाई का काम चल रहा है जिसमे डम्फर ट्रक द्वारा ओवरलोड गिटटी भरकर ढुलाई की जा रही है।

डम्फर ट्रकों के बाजार में आने जाने से कोई दिन ऐसा खाली नही जाता कि सड़क पर जाम न लगे जाम में छोटे वाहन दो पहिया तीन पहिया व चार पहिया जाम में फस जाते है।जाम इस कदर लग जाता है कि साइकिल भी निकलना मुश्किल हो जाता है। कभी कभी तो ओवरलोड डम्फर के ट्रकों के अचानक टायर फट जाने से बाजार के लोग गिटटी से चोटहिल हो जाते है। बाजार के ब्यापारी डब्बू अग्रहरि, अमित अग्रहरि, अंजलि अग्रवाल, नंदू, आशीष अग्रहरि, शिव कुमार, कमलेश अग्रवाल, सचिन जायसवाल, घनश्याम अग्रहरि, विजय अग्रहरि, प्रदीप कुमार, सुधीर जायसवाल, आशीष जायसवाल बच्चन तिवारी, सुभाष जायसवाल आदि लोगो ने जिलाधिकारी से ओवरलोड डम्फर ट्रकों पर अंकुश लगाने के इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।



पाइकगंज बाजार पर लगा वाहनों से जाम।

# सदाचार और सद्यवहार से ही संसार में मानवता की रक्षा संभवः रामेश्वर प्रकाश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में अम्मा साहेब ट्रस्ट के आजीवन मासिक पेंशन वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर प्रकाश ने कहा कि सदाचार तथा नैतिकता आध्यात्मिक जीवन का आधार है तथा संसार में मानवता की रक्षा के लिए समाज में आदर्श पुरुष एवं आदर्श नारियों के निर्माण की परम आवश्यकता है जो भेदभाव रहित सामाजिक मूल्यों की समझ रखते हों।

उन्होंने कहा कि सभी धर्मों (सम्प्रदायों) ने नैतिकता पर बल दिया है तथा हिंसा को त्यागने एवं दूसरों को हानि पहुँचाने से दूर रहने का पाठ पढाया है परन्तु तेजी से बढ़ते हुए बाजारवाद ने व्यक्ति को आत्मकेन्द्रित (स्वकेन्द्रित) बना दिया है जिसकी वजह से विभिन्न जातियों, धर्मों, वर्गों, सम्प्रदायों एवं क्षेत्रों में मानवता आज बंटी हुई है तथा सामाजिक मूल्य बिखरे हुए हैं जिन्हें समेटने का अभूतपूर्व प्रयत्न अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है जो सराहनीय है। उक्त अवसर पर शारदा संगीत महाविद्यालय के संस्थापक सदस्यों में रहे पूर्व आई०ए०एस० स्व० विष्णु प्रकाश के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया तदोपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उनकी सहधर्मिणी रश्मि प्रकाश का सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा समाज में उत्कृष्ट सामाजिक मूल्यों की स्थापना हेतु अम्मा साहेब ट्रस्ट से जुड़कर लगातार प्रयत्नशील कु० शिवानी सिंह (शिक्षिका सेंट् फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल, प्रतापगढ़) को सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान पत्र से विभूषित किया गया। इस दौरान सम्मान पेंशन प्राप्त करने वाले अंकित कुमार श्रीवास्तव को विस्तृत फाइल सौंपी गयी। कार्यक्रम का फिल्मांकन शारदा संगीत महाविद्यालय के छात्र वैभव पाण्डेय ने किया। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने उक्त अवसर पर कहा कि संसार में मानवता की रक्षा के लिए जारी अभूतपूर्व सामाजिक अभियान को आत्मकेंद्रित (स्वकेंद्रित) लोगों से पूरी तरह दूर रखने का प्रयत्न प्रत्येक स्तर पर किया जा रहा है। उक्त अवसर पर राजीव कुमार आर्य, डॉ० शाहिदा, बीना श्रीवास्तव, सौम्या मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्र, अशोक कुमार शर्मा, ओ०पी० गुप्ता, एम०पी० त्रिपाठी, सुनील कुमार सिंह, प्रभात कुमार सोनी, लक्ष्मी सिंह, नीता सिंह, सुमेधा श्रीवास्तव, नंदिनी श्रीवास्तव, विनोद कुमार पाण्डेय, श्रीनाथ शुक्ल, कुञ्ज बिहारीलाल मौर्य ह्यकाकाश्रीह्ल, अजय दुबे, अनुज कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### सम्मान पेंशन की फाइल लाभार्थी को सौंपी गई



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा।

# रुसी बेरोनिका ने बेल्हा शहर के अमित से रचाई शादी

### सात समुंदर पार से आया बेरोनिका का परिवार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सात समुंदर पार रुस की एक युवती बेरोनिका बेल्हा शहर के युवक अमित के साथ प्यार में इस कदर नजदीक आई कि दोनों परिवारों को इन दोनों के प्यार के आगे झुकना पड़ा और दोनों की सहमति से रविवार की रात शहर के एक वैवाहिक स्थल में अमित और बेरोनिका सात फेरों में बंध गये।

रविवार की देर रात शहर के एक वैवाहिक स्थल पर रुसी बेरोनिका ने शहर के सियाराम कालोनी निवासी अमित के साथ सात फेरे लिये तो वैवाहिक गीतों से पूरा स्थल गूंज उठा। विवाह कार्यक्रम हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ जिसमें रुस से आए बेरोनिका का परिवार शामिल हुआ। उसके कुछ दोस्त भी आए थे। परिजनों व दोस्तों ने भी शादी में ठुमके लगाए। बताया जाता है कि दिल्ली में पढ़ाई के दौरान अमित और बेरोनिका में प्यार सम्बन्ध बढे. थे।

जब इसकी सूचना दोनों परिवारों को मिली तो दोनों परिवारों ने विवाह की सहमति जताई लेकिन लड़के ने शर्त रखी कि लड़की वाले रशिया से उसके शहर प्रतापगढ़ आएंगे और यहीं पर विवाह हो गया जिसे बेरोनिका के परिजनों ने मान लिया और रविवार की रात दोनों वैवाहिक बंधन में बंध गये। बेल्हा में इसके पहले भी विदेषी महिला प्रतापगढ़ में बहू बनकर आ चुकी है। पट्टी क्षेत्र का एक युवक ने इसके पहले भी रुस की एक युवती को ब्याहकर अपने घर पट्टी लाया है और आज भी वह महिला यहां परिवार के साथ रह रही है।



वैवाहिक बंधन में बंधे अमित व बेरोनिका।

## जिला मजिस्ट्रेट ने दो गुण्डों को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जिले में जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे दो व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3 (3) के तहत जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना अन्तू ग्राम अदमापुर के अमित सिंह उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र अभय प्रताप सिंह तथा उदय प्रताप सिंह उर्फ बच्चा पुत्र जगदीश सिंह को जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

## मानस रत्न डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी के सारस्वत सम्मान पर कवि सम्मेलन में राष्ट्रीयता का संचार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला स्थित केशव प्लाजा में प्रदेश सरकार द्वारा पुस्तक पुरस्कार से सम्मानित क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार एवं मानस रत्न डा. अम्बिकेश त्रिपाठी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह को लेकर कवि सम्मेलन में भी रचनाकारों ने राष्ट्रीयता की धार को अपनी ओज भरी रचनाओं को स्वर देकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डा. डीपी ओझा एवं विचारक गौरव विवेक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रख्यात साहित्यकार आचार्य अनीस देहाती की अध्यक्षता मे हुए आयोजन मे अतिथियो ने मानस रत्न कविवर डॉ0 अंबिकेश त्रिपाठी को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण एवं सम्मान चिन्ह प्रदान कर करतल ध्वनियो के बीच अलंकृत किया। कार्यक्रम के संयोजक कौशिल्यापुर प्रधान ददन सिंह, समाजसेवी रामचंद्र तिवारी व रामकृष्ण तिवारी एवं जीतेन्द्र सिंह ने कवि सम्मेलन मे कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देने वाले दूरदराज के जिलों तथा स्थानीय क्षेत्र से आये कवियों व कवयत्रियों को भी प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सीओ रामसूरत सोनकर ने साहित्यकारों से समाज मे अमन व शांति के लिए वातावरण के सृजन में लेखन के योगदान का आहवान किया। शिक्षाविद डा. डीपी ओझा ने भी साहित्य और समाज की उपादेयता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार हरि बहादुर सिंह हर्ष ने आयोजन को ऊंचाईयां प्रदान करते दिखे। कवि सम्मेलन में आगरा से निभा चैधरी, सुल्तानपुर के अभिमन्यु तरंग, प्रयागराज के शिवम भगवती, अतुल सिंह, परवाना प्रतापगढ़ी, संतोष विद्रोही, सत्येंद्र सिंह सौम्य, रायबरेली के केएन सिंह ने काव्यपाठ करते हुए जहां सामाजिक विसंगतियों को कुरेदा वहीं राष्ट्रीय एकता तथा वतन परस्ती को लेकर भी प्रभावी जागरूकता दी। इस मौके पर राकेश सिंह, अशोक सिंह, अर्जुन जायसवाल, गोविंद केसरवानी, डा. प्रणव मिश्र, त्रिवेणीपाल त्रिपाठी, अरूण सिंह, डा. अजय मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, शेर बहादुर इंसान आदि रहे। आभार प्रदर्शन जितेन्द्र सिंह ने किया।

# सांसद प्रमोद तिवारी ने लिया बाबा धाम में तैयारियों का जायजा

### एकता महोत्सव को भव्यता से मनाये जाने का दिया निर्देष

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर होने वाले अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। महोत्सव आयोजन समिति की समीक्षा बैठक में सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा धाम मे होने वाले परम्परागत एकता महोत्सव को भव्यता से मनाए जाने के लिए तैयारियों को यथाशीघ्र अंतिम रूप दिये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने मुख्य मंदिर की आकर्षक साजसज्जा के साथ सांस्कृतिक रंगमंच तथा दर्शक दीघाओं मे भी कलाकारो व दर्शकों के लिए बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित कराए जाने को कहा। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बाबा धाम मे महोत्सव से जुड़ी तैयारियों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। गंगा सागर मे स्वच्छ जल की उपलब्धता के साथ सई नदी के घाटो की साफ सफाई व यहां रोशनी के प्रबन्धों को लेकर भी सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्ययोजना पर मंथन किया।

क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से बाबा का दर्शन पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं की भी सुविधाओं को लेकर उन्होने बिंदुवार व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए जाने को कहा। सांसद एवं बाबा घुइसरनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने महोत्सव को लेकर यहां स्वास्थ्य एवं पेयजल, सई घाट के पैदल यात्री सेतु के आवागमन समेत विभिन्न कार्यो का अवलोकन करते हुए महाशिवरात्रि के दिन बड़ी संख्या मे यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के बाबा के दर्शन पूजन से जुडी सुविधाओं को लेकर भी परामर्शी निर्देश भी दिये। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी चकौड़िया गांव पहुंचे और यहां राजकुमार पाण्डेय के संयोजन में हो रही श्रीमदभागवत कथा के धार्मिक अनुष्ठान मे शामिल हुए। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, सुधाकर पाण्डेय, हगपाल यादव, रामबोध शुक्ल, लालगंज प्रमुख अमित सिंह, केडी मिश्र, छोटे लाल सरोज, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

## कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से दुअर नदी पर बनेगा पुल

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** वर्षो पुराने मार्ग को सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार ने दुअर नदी पर पुल के साथ नई सड़क बनाने की स्वीकृत प्रदान की है। जिससे अब कई गांव के लोगों को आवागमन में आसानी होगी। बता दें कि कुंडा क्षेत्र के मौली गांव में आईटीआई बनने के बाद रास्ता न होने के कारण छात्र छात्राओं को आने जाने में असुविधा होती थी। आईटीआई के प्रिंसिपल एवं सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी ने एक पत्र सांसद विनोद सोनकर को दिया। कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने पुल व सड़क बनाने का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को दिया। सांसद के प्रस्ताव पर विभाग ने स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्ताव शासन को भेजा। सांसद के प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृत प्रदान कर दी। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क व नदी पर पुल बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया।

### दहेज के लिए ससुरालीजन विवाहिता को कर रहे प्रताड़ित

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी के एक साल बाद विवाहिता को ससुराली जन अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल तथा नकदी के लिए परेशान कर रहे है। पीड़ित विवाहिता ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव की रहने वाली मनीषा की शादी प्रेमचंद्र के साथ धूमधाम से हुई थी। विवाहिता ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि घर में उसका पति सास-ससुर तथा अन्य परिवार जन अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल तथा पचास हजार नगदी और सोने की चैन के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित विवाहिता ने इस संबंध में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# सांसद खेल स्पर्धा की जिला स्तरीय प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूणः सांसद

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे खेला स्पर्धा का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद खेल स्पर्धा की जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा 14 फरवरी को पूर्वान्ह 9:30 बजे स्टेडियम में किया जाएगा। खेल स्पर्धा की आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी संबंधित से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।सांसद आज कटरा मेदनीगंज स्थित संसदीय कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक में संबोधित कर रहे थे। सांसद श्री गुप्ता ने बताया कि प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सभी 13 ब्लॉकों में जिला स्तरीय खेल स्पर्धा सकुशल संपन्न हो चुकी है। ब्लॉक स्तरीय खेल स्पर्धा में दौड़, कबड्डी, खो-खो आदि खेल में 1326 विजई प्रतिभागी जिला स्तरीय खेल स्पर्धा में स्टेडियम में प्रतिभाग करेंगे। संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने आज सांसद के निर्देशन में स्टेडियम में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंता सेवा, क्रीडा अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र समर बहादुर सिंह, समाजसेवी रोशनलाल उमर वैश्य, जिला युवा कल्याण अधिकारी केके सिंह, सहायक निदेशक सूचना(अ0 प्रा0) आरबी सिंह, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे, जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह व संबंधित विभागों के अधिकारी के साथ तैयारियों का जायजा लिया तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्व करने का अनुरोध किया।



जिला स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी बैठक में मौजूद आयोजकगण।

## केपी कॉलेज में विदाई समारोह सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर की केपी इंटर कॉलेज में परिषदीय परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कक्षा-12 के छात्रों का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन करके मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया और कार्यक्रम की शुरूआत की। सरस्वती वंदना के उपरांत कक्षा प्रतिनिधियों ने प्रधानाचार्य शिक्षकों एवं छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्र आशुतोष गुप्ता ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। शिक्षकों में राकेश कुमार मिश्र, सुधाकर प्रताप सिंह, हर्ष देव सिंह आदि ने परीक्षा उपयोगी उद्बोधन पर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात व प्रधानाचार्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके सफल जीवन की कामना की। कक्षा-11 के बच्चों ने परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को पेन, स्केच और पारदर्शी पर्स देकर उनको शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश कुमार द्विवेदी ने किया।



केपी कालेज में आयोजित विदाई समारोह में मौजूद अतिथिगण।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### रहस्य में परिस्थितियों में युवक गायब

**बैरम पुर कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के धवाड़ा गांव से 11 फरवरी की दोपहर को एक युवक गायब हो गया है परिजनों ने काफी खोजबीन की है लेकिन गायब युवक का सुराग नहीं लगा है मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है जानकारी के मुताबिक कुलदीप उम्र 18 वर्ष पुत्र राम नारायण पासी निवासी धवाड़ा गोराजू थाना पश्चिम शरीरा 11 फरवरी 2023 की दोपहर को घर से अचानक गायब हो गया है बताया जाता है कि कुलदीप मंदबुद्धि है गायब युवक को परिजनों ने काफी खोजा है लेकिन उसकी कहीं जानकारी नहीं मिली है जिस पर मामले की सूचना थाना पुलिस को परिजनों ने दी है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त सेवकराम पुत्र भीखम निवासी चकसहनपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त मुन्ना पुत्र किशुन केवट निवासी बहडरी थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# रेलवे ट्रैक के पास मिला स्कूली छात्रा का क्षत-विक्षत शव

## स्कूली छात्रा की हत्या कर शव ठिकाने लगाए जाने की है आशंका, घटनास्थल पर बालिका के शरीर पर और कपड़ों में नहीं मिले खून के निशान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के भरवारी और बिदनपुर रेलवे स्टेशन के मध्य एक स्कूली छात्रा का क्षत-विक्षत शव मिला है बालिका की शिनाख्त डोली उम्र लगभग 17 वर्ष पुत्री श्याम बाबू निवासी जिल्लापर रसूलपुर गिरसा थाना कोखराज के रूप में हुई है बालिका हाई स्कूल की छात्रा थी बालिका के शव की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई है जानकारी मिलते ही मौके पर परिजन भी पहुंच गए हैं परिजनों ने मौके पर आकर बालिका के शव की शिनाख्त कर ली है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है कि 13 फरवरी की दोपहर अज्ञात ट्रेन से टकराकर बालिका की मौत हुई है पुलिस की यह बात मौके पर उपस्थित किसी को हजम नहीं हो रही है यदि ट्रेन हादसा होता तो घटनास्थल पर खून जरूर पड़ा होता घटनास्थल पर खून के धब्बे नहीं मिले हैं बालिका के साड़ी शरीर से लिपटी तो है लेकिन साडी में खून नहीं लगा है बालिका का पेटीकोट लाश के पास रखा हुआ है जिस तरह से पेटीकोट रखा है प्रतीत होता है कि बालिका के शरीर से पेटिकोट खोलकर उतारा गया है लाश के ऊपर रखा पेटीकोट में भी खून नहीं लगा है बालिका के शरीर में भी खून के निशान नहीं दिखाई पड़ रहे हैं बालिका की शरीर सफेद पड़ गई है बालिका के पीठ में जिस तरह से चोट के निशान दिखाई पड़ रहे हैं वह पुराने निशान प्रतीत होते हैं इतना ही नहीं पीठ के निशान देखकर यह लगता है कि बालिका की निर्मलता से पिटाई की गई है मौके पर इस तरह के तमाम परिस्थिति जन्य साक्ष्य मौजूद है जिन्हें इनकार नहीं किया जा सकता जिससे यह कह पाना की ट्रेन के हादसे में बालिका की मौत हुई है पूरी तरह गलत होगा घटनास्थल पर मिले साक्ष्य के मुताबिक बालिका की मौत कैसे हुई है यह पुलिस की बड़ी जांच का विषय है और पुलिस ने परिस्थिति जन्य साक्ष्य को गंभीरता से लेते हुए सूक्ष्म जांच कराई तो बालिका की मौत ट्रेन हादसा नहीं साबित होगी।


रेलवे ट्रैक के पास पड़ा बालिका का शव


बालिका के शव के पास लगी भीड़

## जुआ की फड़ में चौकी पुलिस ने मारा छापा संचालक फरार, पांच आरोपी गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के शांखा गांव में बीती देर रात मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने सादी वर्दी में जुआ की फड़ में छापा मार दिया 12200रु नकद,ताश गड्डी फड़ बरामद कर 5 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है। अझुवा चौकी पुलिस ने बताया लंबे समय से पप्पू पुत्र जयकरन सिंह निवासी शांखा जुआ की फड़ गांव के पश्चिम थोक जंगल मे संचालित करवा रहा था ये इतना शातिर है कि केवल पगडंडी के सहारे पहुंचने वाले मार्ग के जंगल मे जुआड़ियों को उनके घरों से अपने साधन द्वारा जुआ खेलाने के लिए लाता था इस फड़ में कौशाम्बी सहित दूसरे जिलों के लोग भी दांव लगाकर वारा न्यारा करते थे प्रतिदिन कई लाख का जुआ होता था बीती देर शाम मुखबिर की सटीक सूचना से चौकी इंचार्ज अझुवा गौरव त्रिवेदी ने मय हमराहियों नकदी सहित 5 जुआड़ी सुशील सिंह पुत्र लवकुश सिंह निवासी शांखा,भोला नाथ यादव पुत्र देवशरण नसीरपुर कछुआ,सुनील कुमार पुत्र लालता प्रसाद घटमापुर पैंसा, कल्याण सिंह पुत्र आनंद सिंह पहाड़पुर,पिंटू निषाद पुत्र विश्राम समसाबाद को गिरफ्तार कर मय ताश गड्डी 12200 रुपया बरामद किया है 10 नामजद सहित कुछ अज्ञात जुआड़ी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए पुलिस जुआ संचालक पप्पू पुत्र जय करन सहित नामजद फरार जुआड़ियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस पकड़े गए 5 जुआड़ियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है। वहीं ग्रामीणों ने बताया पुलिस कई मोटरसाइकिल छोटा हांथी में लादकर ले गयी है कुछ जुआड़ियों पर नजरें इनायत कर अभयदान भी दिया है।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा पांच अभियुक्तों मंजीत चौधरी पुत्र शिव भूषण चौधरी भानू प्रताप गौतम पुत्र महाबीर गौतम कोड़ऊ प्रजापति पुत्र घसीटे पंकज कुमार प्रजापति पुत्र घसीटे व सन्तलाल प्रजापति पुत्र मेवालाल निवासीगण रक्सैली थाना पश्चिम शरीरा को सार्वजनिक स्थान पर हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 1000 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 310 रू0 बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# 19836 सीसी पुलिस ने बरामद की अवैध अंग्रेजी शराब

## पंजाब से कंटेनर में शराब लेकर चले चालक को कौशांबी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** वाहन चेकिंग के दौरान सांदीपन घाट थाना पुलिस ने 19836 सीसी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है जिस कंटेनर में शराब लदी थी पुलिस ने उस कंटेनर को भी मौके से अपने कब्जे में ले लिया है पुलिस की कार्यवाही देख चालक वाहन छोड़कर भागने लगा पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया है पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिखा पढ़ी कर उसे सीज कर दिया है पुलिस ने 19836 शीशी शराब को अपने कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी कर चालक के ऊपर कार्यवाही किया है बरामद की गई शराब की कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक बताई जाती है अब सवाल उठता है कि शराब माफिया कौन है अभी पुलिस के हाथ शराब माफिया के गिरेहबान तक नहीं पहुंच सके हैं पुलिस सूत्रों ने बताया कि पंजाब से एक कंटेनर में 19836 सीसी अवैध शराब लेकर ट्रक चालक चला था वाहन चेकिंग के दौरान सांदीपन घाट थाना पुलिस ने तेरह मील के पास वाहन को रोक लिया और जब वाहन की चेकिंग की तो उसमें 19836 सीसी में 7250 लीटर लगभग विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के शराब बरामद हुई पुलिस ने वाहन और बरामद शराब को कब्जे में ले लिया है वाहन को पुलिस ने सीज कर दिया है ड्राइवर मुकद्दर पुत्र राजेंद्र निवासी अलवर राजस्थान के विरुद्ध लिखा पढ़ी कर दी है लेकिन अभी तक ड्राइवर ने यह नहीं बताया कि किस शराब माफिया द्वारा तस्करी कर शराब तस्करी की जा रही थी शराब माफिया को चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी कराकर शराब तस्करों की रीढ़ तोड़ने की जरूरत है लेकिन क्या शराब माफिया के गिरेहबान तक कौशांबी पुलिस के हाथ पहुंच पाएंगे।


बरामद शराब



शराब बरामदगी के खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अवधेश रैदास पुत्र स्व० दुर्गा प्रसाद निवासी टीकरडीह थाना कोखराज के कब्जे से 08 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त प्रेम चन्द्र केशरवानी पुत्र स्व० हीरालाल केशरवानी निवासी बिहामिदपुर देवीगंज थाना कड़ाधाम के कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## बृजेश अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ गंभीर बीमारियों को करेंगे दूर

### समय ग्यारह से तीन बजे शाम तक मात्र पचास रुपया में डॉक्टर देखेंगे मरीज

**भरवारी कौशाम्बी।** बृजेश मेमोरियल अस्पताल मेहता रोड भरवारी में दिल्ली के मशहूर महात्मा गांधी अस्पताल के महिला रोग विशेषज्ञ मामूली शुल्क यानी पचास रुपए में सभी गंभीर से गंभीर बीमारियो का उपचार वा परामर्श देंगे ' आपको बता दे कि स्व डॉ कमलेश केसरवानी के निधन के बाद से उनके चिकित्सक पुत्र एवम हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ मयंक केसरवानी प्रत्येक दिन एक नया नया संयोग कहे या प्रयोग करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते है लोगो की समस्या को दूर करने का बीड़ा उठाया है जिसको दृष्टिगत रखते हुई कल दिनाक,14 फरवरी को स्त्री रोग विशेषज्ञ अस्पताल में मौजूद रहेगे।

## न्यूज झरोखा

### मंडी समिति के शवदाह गृह की साफ सफाई न होने से पसरी गंदगी

#### नवागंतुक अधिशासी अधिकारी से तत्काल साफ सफाई करवाने की लोगों की मांग



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मण्डी समिति के पास शव दाह गृह बनाया गया है जहा पर हिन्दू रीति रिवाज से एवम आर्य समाज के पंडितो के द्वारा बहुत से लोगो की मृत्यु के बाद इसी स्थान पर दाह संस्कार कराया जाता है 'यहां पर यह बताना आवश्यक है कि जब भी किसी की मौत हो जाती है तो बहुत से लोगो को मण्डी समिति के पास बनाए गए शव दाह पर ही लोगो को दफनाया जाता है ' जहा पर हिन्दू रीति रिवाज एवम आर्य समाज के प्रचण्ड विद्वानों द्वारा क्रिया कर्म कर लोगो को दफनाया जाता है ' जहा पर सैकड़ो लोग अंतिम यात्रा मे शामिल होते है 'ऐसे में अंतिम संस्कार में समय लगता है तब तक लोगो का वहा पर बैठना अति आवश्यक होता है वही पर साफ सफाई न होने से मौजूद लोगो को पसरी गन्दगी में बैठना वा उठ रही बदबू से लोगो को बहुत ही परेशानी हुआ करती है ' ऐसे में वहा पर आजतक नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियो ने साफ सफाई करना मुनासिब नहीं समझा ' जिससे लोगो मे विभाग के प्रति रोष ब्याप्त है वही नवागंतुक अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा से तत्काल साफ सफाई करवाने की मांग की है साथ ही नगर वासियों ने कहा कि कर्मचारी की नियुक्ति भी होनी चाहिए ताकि शवदाह गृह के आसपास प्रतिदिन साफ सफाई होती रहे।

### मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत



**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के नौबस्ता गांव में युवक के साथ मारपीट की गई थी मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनाक्रम के मुताबिक फूल चन्द्र पुत्र बूंदी लाल निवासी नौबस्ता थाना करारी ने थाना में सूचना दिया कि दिनांक 05.02.2023 को गांव में हुई मार पीट में उसका चचेरा भाई विष्णु पुत्र खुद्दी लाल घायल हो गया था जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने पंजीकृत मु0अ0सं0 33/23 धारा 147,323,504,506 भादवि से संबंधित घायल विष्णु के शव को बाद पंचायत नामा मर्चरी भेज दिया है।

### कस्बे में पुलिस चौकी के बाद भी जाम से जूझ रहे कस्बा वासी



**कौशांबी।** सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में आबादी के बीच पुलिस चौकी स्थापित है लेकिन उसके बाद भी मूरतगंज पुलिस चौकी और उसके आसपास कस्बे में जाम की स्थिति बन जाती है यातायात व्यवस्था में लगाए गए पुलिस चौकी के जवान केवल वाहनों से वसूली के ताक में रहते हैं उन्हें कस्बे में लगने वाले जाम से मतलब नहीं है चौकी इंचार्ज पर दलालों के से घिरे रहने का लगातार आरोप लग रहा है इलाके में एक दुकान से गांजा की बिक्री आम बात हो गई है क्षेत्र के कई गांव में शराब की भट्ठी संचालित हो रही है पुलिस चौकी के सामने एक गली में शराब बिक्री का धंधा बीते कई वर्षों से संचालित हो रहा है लेकिन चौकी पुलिस को दिखाई नहीं पड़ रहा है चौकी इंचार्ज और उनके सिपाहियों को अपराध और संगठित अपराध रोकने की फुर्सत नहीं मिल रही है नगर क्षेत्र में लगने वाले जाम को हटाने के लिए पुलिस के जवान मुस्तैद नहीं दिखाई पड़ते हैं घंटों लोग क्षेत्र में जाम से जूझते रहते हैं यह प्रतिदिन का मामला हो गया है विक्रम टेंपो वाले बीच सड़क पर खड़े करके पूरे दिन सवारियां भरते हैं लेकिन विक्रम टेंपो वालों पर पुलिस का डंडा नहीं चल पाता है आखिर चौकी पुलिस का विक्रम टैक्सी वालों से क्या रिश्ता है यह बड़ी जांच का विषय है नगर के लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चौकी इंचार्ज के कारनामों की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### महर्षि दयानंद बालिका इं.का. प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न

#### सतीश चंद्र केसरवानी अध्यक्ष मनोज केशवानी प्रबंधक, पुरुषोत्तम दास केशवानी कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गये



**मनौरी कौशाम्बी** महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज मनौरी में प्रबंध समिति का चुनाव रविवार की सम्पन्न हुआ। नामित सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया निर्विरोध निर्वाचन के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है इस मौके पर निर्वाचित पदाधिकारियों ने कालेज हित में सदैव संघर्ष करने का भरोसा संस्था के लोगों को दिलाया है रविवार 12 फरवरी को महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज मनौरी के परिसर में हुए प्रबंध समिति के चुनाव में नामित सदस्यों ने एक बार पुनः सतीश केसरवानी को अध्यक्ष मनोज केसरवानी को प्रबंधक, तथा पुरुषोत्तम दास को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना है ,इसी तरह संस्था समिति कार्यकारणी के सदस्य पद के लिए शिवालाल केसरवानी, लालता प्रसाद ,नरोत्तम दास निर्विरोध निर्वाचित हुए है निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले कार्यकाल में विद्यालय में हुए विकास कार्यो को बढ़ाया जाएगा।पुनः निर्वाचित हुए पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों व कालेज हित मे सदैव संघर्ष करने का भरोसा दिलाया।

## भैंस स्वामी की सक्रियता से चोरी की नियत से खोली गई भैंस को ले जाने में नहीं सफल हुए चोर

**कौशाम्बी।** इन दिनों कौशांबी जनपद में भैंस चोर सक्रिय है जिस पर कुछ चोरों को चिन्हित कर जनपद की पुलिस प्रशासन ने विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भी भेजा चुकी है। जिसके बाद अभी भी भैंस चोरों का हौसला कम होता नहीं दिख रहा है। शिकायती पत्र के माध्यम से दी गई जानकारी के अनुसार करारी थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में शनिवार की रात को सूबेदार पुत्र रामस्वरूप की दो भैसे घर के सामने। बांधी हुई थी तभी रात्रि को लगभग 12 बजे कुत्तों की भौंकने की आवाज आने लगी जिसके बाद सोते हुए सूबेदार की नींद खुल गई तभी सूबेदार बाहर की ओर कुत्तों की भौंकने की वजह जानने का प्रयास किया तो देखा कि मेरी दोनों भैसे गायब हैं बाहर निकल कर शोर करते हुए मोहल्ले वालों को जगाने का प्रयास किया मोहल्ले वाले भी एकत्रित हो गए और भैंस चोरी की आशंका जताने लगे तभी सूबेदार ग्रामीणों के साथ मिलकर भैंस की खोज में गांव के बाहर जाकर खोजने लगा तभी काफी दूर गया तो नदी के पास दूरी दूरी पर दोनों भैसे मिल गई सूबेदार ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया है कि मेरे दरवाजे से चोरी की नियत से खोली गई भैंस मेरे गांव के ही एक व्यक्ति पर प्रबल आशंका बनी हुई है जो कुछ दिनों से मेरे घर के आस–पस भैंसों की ओर दिन में कई बार आते जाते देखता रहता था भैंस स्वामी के संकेत के बिंदु से पुलिस जांच करेगी तो भैंस चोर जल्द ही पुलिस के कस्टडी में होगा।

**चोरी का वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार : करारी कौशांबी।** करारी थाना में नामजद चोरी के अभियुक्त असलम पुत्र मोहम्मद उमर निवासी करारी अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे थे जिस पर अदालत ने उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था वारंटी को करारी पुलिस के उपनिरीक्षक विपलेश सिंह ने गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया है

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही :** कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 134 वाहनों का ई–चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# दिन दहाड़े हो रही चोरी से दहला कस्बा भरवारी

## अभी तक तो रात में चोरी की घटना होते सुना जाता था लेकिन अब दिन में हो रही चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कोशम्बी।** थाना कोखराज अन्तर्गत भरवारी पुलिस चौकी क्षेत्र के नया बाजार निवासी एवम चौधरी गेस्ट हाउस के मालिक नितुल चौधरी के पुराने घर का दरवाजा तोड़कर दिनदहाड़े घुसे चोरों ने सामान पार कर दिया है जहा पर लाखो रुपए का लोहे का गाटर लोहे का ऐंगल लोहे की कड़ाई तराजू बटखरा लोहे के ड्रम इत्यादि तीन से चार लाख रुपए की कीमत का सामान चुरा ले गए यहां यह भी बताना अति आवश्यक है कि गेस्ट हाउस के मालिक सपरिवार अपनी भांजी की शादी में गए हुए थे गृह स्वामी जिस मकान में रहते है उसी में आयकर एवम विक्रय कर का कार्यालय है उसी के ठीक सामने उनका पुराना मकान है जिसमे घर वा गेस्ट हाउस का सारा सामान रखा जाता है जो घर में हमेशा ताला लगा रहता है समय समय पर आवश्यकता अनुसार खोला जाता है 'मोहल्ले वालो के अनुसार चोरो द्वारा तीन चार दिनों से लोहे के सभी सामानों को ले जाया जा रहा था जिसको मोहल्ले वालो को शक होने पर पकड़कर पूछा गया तभी चोरों ने अपना जुर्म कबूलते हुए बताया इसी बीच एक चोर भागने में सफल हो गया मौके पर दो चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया पकड़े गए चोरों का नाम राज बहादुर पुत्र गोरे लाल एवम बड़े लाल पुत्र गुलाब सरोज निवासी बालक मऊ बताया जाता है उधर मालिक से पूछा गया चोरी गए सामानों की कीमत लगभग तीन से चार लाख रुपए बताया है यहां यह भी बताना जरूरी है की अक्सर रातों में चोरी की घटना आप लोगो ने सुनी होगी परंतु दिन दहाड़े चोरी होना साथ ही तीन दिनों से एक ही घरों को निशाना बनाया जाना पुलिस की कार्य प्रणाली पर बड़ा प्रश्न चिन्ह है वैसे भी अगर वर्तमान पुलिस इंचार्ज की कार्य प्रणाली पर नजर डाले तो दर्जनों चोरी की घटना घट चुकी है जिसमे आज तक किसी भी चोरी का खुलासा करना बहुत दूर किसी घटना को घटित करने वालो को पकड़ना यह संभव नहीं उसके बाद भी ऑल इज वेल अब देखना यह है की आखिर कब तक पुलिस अधीक्षक की निगाह में चौकी इंचार्ज अपनी पीठ थपथपाते रहेंगे ' यह बड़ा प्रश्न है।


सामान चोरी कर ले जाते चोर

### गैर इरादतन हत्या के आभियुक्त को सात वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** लगभग दस वर्ष पूर्व कोखराज थाना क्षेत्र के खोराव गांव में गैर इरादतन हत्या के एक मामले में अदालत ने सुनवाई के दौरान अभियुक्तों को 7 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है अदालत ने अभियुक्त पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है जुमार्ना अदा ना करने पर 3 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी थाना कोखराज अंतर्गत खोराव गांव में 06 अप्रैल 2013 को वादी मनोज कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी खोराव थाना कोखराज द्वारा थाना कोखराज पर मकान बनाने को लेकर मारपीट के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें वादी मनोज कुमार के पिता मोहन लाल की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर मुकदमा उपरोक्त को धारा 304 भादवि में तरमीम किया गया था जिसके अभियुक्त गंगा उर्फ राजेश पुत्र मेवालाल गुप्ता निवासी खोरांव थाना कोखराज को न्यायालय एडीजे एक द्वारा मुकदमे की सुनवाई की गई पुलिस विवेचक द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से पैरवी की गई मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियुक्त को 07 वर्ष कारावास तथा 10 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्त को 03 माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

### चोरी की लूज सीमेंट के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर मौर्य ढाबा ग्राम केसारी के पास से अभियुक्त अनिल कुमार मौर्य पुत्र वसन्त लाल मौर्य निवासी केसरी थाना सैनी के कब्जे से 36 बोरी (छोटी बडी) में नाजायज चोरी की लूज सीमेंट बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

**निरोधात्मक कार्यवाही में 18 अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से चार थाना महेवाघाट से छः, थाना सराय अकिल से दो थाना चरवा से दो थाना सैनी एक थाना मोहब्बतपुर पइसा से दो कुल 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की सीडीओ ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त एवं अवशेष धनराशि से कराये गये कार्यो, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत एसबीएम फेज-2 के अन्तर्गत चिन्हित लाभार्थियों के पक्ष में पीएफएमएस के माध्यम से धनराशि हस्तान्तरण किये जाने, वित्तीय वर्ष 2022-23 में आईईसी/प्रचार- प्रसार मद में उपलब्ध धनराशि के व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रशासनिक मद में किये गये कार्य पर विचार-विमर्श उपरान्त समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक में डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में वर्ष 2014-15 से अब तक बनाये गये व्यक्तिगत शौचालयों के रेट्रोफिटिंग के लिए पंचायत सहायकों द्वारा शौचालय विहीन ऐसे परिवार नव सृजित परिवार शामिल करते हुए जिन्हें व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए योजना का लाभ नहीं दिया गया, ऐसे लाभार्थी जिनके पास सिंगल पिट शौचालय है एवं ऐसे लाभार्थी जिनका शौचालय उपयोग में नहीं आ रहा है, पंचायत सहायक एप्प के माध्यम से ऑनलाइन डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है, कमी पाये जाने पर लाभार्थी को न्यूनतम 1500 एवं अधिकतम रू0-5000 प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने का प्राविधान हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत सहायकों द्वारा अब तक लक्षित परिवार 398689 के सापेक्ष 249258 लाभार्थियों का सर्वेक्षण करा लिया गया है, शीघ्र ही शेष लाभार्थियों का भी सत्यापन शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जायेगा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सत्यापन कार्य शीर्घ पूर्ण कराकर मानक के अनुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। डीपीआरओ ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के 5 हजार से अधिक जनसंख्या वाले चिन्हित 35 ग्राम पंचायतों के 46 राजस्व ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत कार्ययोजना बनाकर कार्य कराया जा रहा हैं। बैठक में बताया गया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत गंगा के किनारे अवस्थित ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने के लिए शासन के निदेर्शानुसार कार्य किया जा रहा है।बैठक में बताया गया कि गोबर धन योजना के अन्तर्गत गाम टेंवा एवं बिदांव में बायोगैस प्लॉन्ट इकाई की स्थापना करायी जा रहीं है तथा प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट की इकाई टेंवा एवं पुरखास में स्थापित की जायेंगी।


बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी

### बैठक में सोते रहे अफसर

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी योजनाओं की बैठक कर रहे थे बैठक में सीडीओ के निर्देशों को सुनने के बजाय अधिकारी खरार्टे लेते रहे सीडीओ की बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी पूरी मीटिंग सोते रह गए मीटिंग में क्या निर्देश हुआ उन्हें इससे कोई मतलब नहीं था आखिर सरकार की योजनाएं की जानकारी आम जनता तक जिला पंचायत राज अधिकारी कैसे पहुचाएंगे अधिकारियों ने मीटिंग को तमाशा बना दिया है सीडीओ के बातों से जैसे इन्हें नफरत होने लगी है जिससे बात सुनने के बजाय मीटिंग में वह सो रहे थे।

संपादकीय

# वो झूठ बोलेगा और ला-जवाब कर देगा

तनवीर जाफरी

**देश की** लोकसभा व राज्यसभा दोनों में पिछले दिनों अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिले। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उद्योगपति गौतम अडानी व प्रधानमंत्री के रिश्तों को लेकर कई गंभीर आरोप लगाते हुये कई सवाल पूछे गये। गौर तलब है कि जब से हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडानी के कोपोर्रेट साम्राज्य में सुनामी आई है और सूत्रों के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व भारतीय जीवन बीमा निगम सहित लाखों भारतीय निवेशकों द्वारा अडानी समूह पर किये गये निवेश पर संकट मंडराया है तभी से केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि पूरे देश की निगाहें इस बात पर टिकी थीं कि देखें आखिर प्रधानमंत्री अपने ऊपर लगने वाले 'अडानी संरक्षण' जैसे गंभीर आरोपों का क्या जवाब देते हैं। परन्तु कई दिनों तक इसी विषय पर संसद के दोनों सदनों में हुये भारी हंगामे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में लगभग डेढ़ घण्टे तक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने विशेष अंदाज में भाषण तो जरूर दिया परन्तु अडानी मुद्दे पर स्पष्टीकरण देना या इसकी चर्चा करना तो दूर अडानी का जिक्र तक करना मुनासिब नहीं समझा। राज्य सभा में तो उस समय अजीब स्थिति देखने को मिली जबकि एक ओर तो विपक्ष सदन में 'मोदी-अडानी भाई भाई' के नारे लगा रहा था परन्तु उसी समय प्रधानमंत्री इस विरोध से बेफिक्र होकर विपक्ष पर ही हमलावर होते रहे। वे उस समय अडानी मुद्दे पर जवाब देने के बजाये पंडित नेहरू व इंदिरा गांधी की सरकारों के 'दोष' गिनाने में व्यस्त थे। इसमें कोई शक नहीं कि कोई भी सरकारें हों वे प्रायः राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सरकार की नीतियों,उपलब्धियों आदि की ही चर्चा करती हैं।इसीलिये प्रधानमंत्री ने दोनों ही सदनों में मुफ़्त राशन योजना,आयुष्मान योजना से लेकर जम्मू कश्मीर की वर्तमान स्थिति,पूर्वोत्तर के विकास का जिक्र, पोर्ट,एयर पोर्ट,रेलवे,राजमार्ग व सड़कों के विस्तार,कोरोना टीकाकरण,किसानों को दी जाने वाली धनराशि,उज्वला योजना,आदि का खूब जिक्र किया और सत्ता पक्ष की खूब तालियां बटोरीं। यहाँ तक कि भाजपा सांसदों द्वारा संसद में काफी देर तक 'मोदी-मोदी ' के नारे भी लगाये जाते रहे। सत्ता के शक्ति प्रदर्शन के लिये तो यह जरूरी हो सकता है परन्तु देश की संसद देश के समक्ष दरपेश किसी अति महत्वपूर्ण मुद्दे की इसतरह भी अनदेखी नहीं करती जैसा पिछले दिनों प्रधानमंत्री के भाषण में देखने को मिला। मोदी-अडानी की प्रगाढ़ मित्रता को दो दशक से भी अधिक समय बीत चुका है। इस दौरान गुजरात से लेकर देश विदेशों तक अडानी ने अपने साम्राज्य का जिसतरह सही व गलत तरीकों से विस्तार किया है यह किसी से छुपा नहीं है। और हिंडनबर्ग ने जिसतरह अडानी के 'झूठ' और अनियमिताओं पर आधारित साम्राज्य की हवा निकाली है वह भी पूरा विश्व देख रहा है। विश्व के तीसरे सबसे बड़े उद्योगपति का रातोंरात शीर्ष दस और शीर्ष बीस तक की सूची से बाहर हो जाना कोई असाधारण घटना नहीं है।

# मूल राष्ट्रवादी चिंतन की आवश्यकता

संजीव

**राष्ट्रवाद** सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह परे नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं' राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं।

# धन्यवाद प्रस्ताव के बहाने

पुष्परंजन

**आप** नाम बदल रहे हो, संसद की अधोसंरचना बदल रहे हो, तो उस परंपरा को क्यों नहीं बदलते, जो ब्रिटिश गुलामी की प्रतीक है? संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण, और धन्यवाद प्रस्ताव की शुरूआत हुई कहां से? नेहरू की गलतियों को दुरूस्त करना यदि आपका राजनीतिक अजेंडा है, तो इसे भी सही कीजिए। गुरूवार को संसद में धन्यवाद प्रस्ताव के नाम पर जब संग्राम छिड़ा हुआ था, तब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कहां थीं? उस समय वह गुरूग्राम के भौंराकलां स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ओम शांति रिट्रीट सेंटर (ओआरसी) में परिवार सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ कर रही थीं। भाषण का जो बड़ा हिस्सा राष्ट्रपति ने बिना पढ़े दिया, वह वाकई इस देश में सरकार और समाज के लिए चिंतन का विषय है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'परमात्मा ने हमें दो रास्ते दिये हैं। एक है काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, द्वेष, ईर्ष्या और नफरत का, और दूसरा है सुख, शांति, आनंद, प्रेम और पवित्रता का। अब हमें यह तय करना है कि हम किस रास्ते को चुनना चाहते हैं।' क्या राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यह दिव्य ज्ञान केवल 'ओआरसी' के सभागार में उपस्थित अतिथियों को दे रही थीं, या फिर क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और नफरत के समवेत भाव से ग्रस्त देश के प्रधानमंत्री को संदेश दे रही थीं? देश का प्रधानमंत्री गुस्से से प्रकम्पित होकर प्रतिपक्ष पर हमलावर हो, और ऐसे सवाल करे जिसका नाता धन्यवाद प्रस्ताव से न हो, तो वाकई चिंता का विषय है। राहुल गांधी का नाम लिये बगैर यह सवाल करना कि नेहरू टाइटिल अपने नाम के आगे क्यों नहीं लगाया? इसका कोई संदर्भ राष्ट्रपति के पूरे अभिभाषण में नहीं था। पीएम मोदी यही प्रश्न अपनी ही पार्टी के सांसद वरूण गांधी से क्यों नहीं पूछते? 31 जनवरी 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद को संबोधित किया था। उसपर धन्यवाद देने में पूरे दस दिन लग गये। गुस्से में कोई संसदीय मयार्दा भूल जाए, तो सदन चला रहे स्पीकर का कर्तव्य होता है कि उसके आपत्तिजनक बयान को रिकार्ड से हटा दे। मगर, हो उलटा रहा है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान क्या एक्सपंज करने लायक था? द्रौपदी मुर्मू को धन्यवाद भर देना है, तो संसद में महाभारत छेड़ बैठे। द्वापर में भरी सभा में द्रौपदी का अपमान हुआ था, आज



के भारत में भी यही हो रहा है। वर्ष 2017 में संसद की कार्यवाही के हर मिनट की कीमत थी, ढाई लाख रुपए। अब उसे डबल मानिये। पांच लाख प्रति मिनट के हिसाब से जोड़ लीजिए कि पूरे दस दिन देश के टैक्स पेयर्स के कितने सौ करोड़ बर्बाद हुए। प्रतिपक्ष का एक नेता पांच सवाल पूछता है। अडानी पर जेपीसी की मांग सदन में होती है, तो ये सब नहीं होना चाहिए था क्या? माना कि देश के प्रधानमंत्री को निशाने पर लेकर 'चौकीदार चोर है', 'हम दो-हमारे दो', 'देश के पैसे से खाई मलाई, मोदी अडानी भाई-भाई' का नारा सदन में नहीं लगना चाहिए था, मगर इस लक्ष्मण रेखा को लांघने की शुरूआत किसने की थी? 31 जनवरी 2023 से अबतक, संसद में जो शब्दभेदी बाण छोड़े गये, उसकी 'सिल्वर जुबली' सोशल मीडिया पर हो चुकी है। अगस्त 2013 का संसद सत्र मुझे अच्छी तरह याद है, जब मनमोहन सिंह के विरूद्ध 'प्रधानमंत्री चोर है' के नारे लगे थे। उस नारेबाजी के साथ बीजेपी और उसके समर्थक सांसद सत्र का वाकआउट कर गये थे। मतलब, आप कीचड़ उछालो तो कमल बन जाए, दूसरा वही करे, तो वह संसदीय मयार्दा का उल्लंघन है। है तो दोनों ही अप्रिय। मगर, जब सत्ता में बैठे लोगों की खाल मोटी हो जाती है, तब इसी तरह की प्रतिक्रियाएं दरपेश होती हैं। उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष अरूण जेटली से पूछा था, ' आप ही बतायें, दुनिया के किसी भी संसद में अबतक 'प्रधानमंत्री चोर है' के नारे लगे हैं क्या?' सदन में यह सब बोलते समय संजीदा से दिखने वाले मनमोहन सिंह लहजा रूखा, और सख्त था। दस साल बाद, आप यदि उसी सदन में प्रधानमंत्री मोदी की भाव-भंगिमा से मनमोहन सिंह की तुलना कीजिएगा, तो जमीन आसमान का अंतर दिखेगा। तब आपको मणिशंकर अय्यर का बहुचर्चित वाक्य याद आयेगा।

आप देश के प्रधानमंत्री हैं, चुनांचे संसदीय मयार्दा आपसे शुरू और आप पर ही समाप्त होती है। गली के छिछोरे से शालीनता की उम्मीद हम वैसे भी नहीं करते। मगर, देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति का एक-एक व्यवहार समाज और उसके संसदीय साथियों के लिए अनुकरणीय होता है। इसलिए ब्रह्माकुमारी ओम शांति रिट्रीट सेंटर के मंच से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, वह मानीखेज है। उसपर इस समाज में उच्च पदों पर बैठे लोगों को सबसे पहले गौर करना चाहिए। देर-सवेर इस सवाल को उठना है कि पिछले एक दशक से संसद में धन्यवाद प्रस्ताव के नाम पर जो तमाशा हो रहा है, उसे रोकेगा कौन? हम यह भी नहीं कह सकते कि संसदीय परंपरा में संशोधन संभव नहीं। 1951 में हुए पहले संविधान संशोधन के तहत अनुच्छेद 87 (1) में

> यह विरोध जनता ने नहीं किया था बल्कि उन निवेशकों द्वारा किया गया जिन्होंने अडानी कंपनियों के शेयर की कीमतों को कम किया था। कारण जो भी हो, प्रौद्योगिकी के स्तर को देखते हुए निवेश में कमी का मतलब है कि विकास दर में कमी आएगी। हम पहले ही एनडीए के तहत आर्थिक मंदी का उल्लेख कर चुके हैं। यह तो नोटबंदी थी जिसने गिरावट को जन्म दिया

यह प्रावधान किया गया कि आम चुनाव के बाद पहले सत्र, और हर साल के शुरूआती सत्र में संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति अभिभाषण देंगे। एक घटना की चर्चा मैं जरूर करूंगा, जब 28 फरवरी 1977 को बिना राष्ट्रपति के अभिभाषण के राज्यसभा का सत्र हुआ था। उस कालखंड में लोकसभा विघटित हो चुका था। ऐसा हम मानकर चलते हैं कि राष्ट्रपति का अभिभाषण हमारे देश की संवैधानिक जरूरत है। कोई सर्वोच्च व्यक्ति तो चाहिए, जो संसदीय कार्यवाही का सूत्रधार हो। राष्ट्रपति उस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, यह सर्वथा उचित है। मगर, सवाल धन्यवाद ज्ञापन के बहाने संसद में हो रहे संग्राम का है। संसद में धन्यवाद का ढब जिस तरह से बदला है, उसे देखकर सभासदों द्वारा राष्ट्रपति के प्रति सम्मान प्रकट करने की अनुभूति नहीं होती। संसद सत्र में लड़ना-भिड़ना तो चलता रहेगा, यह दुनिया के सभी सदनों में है। किंतु इस महाभारत के लिए राष्ट्रपति के कंधे का इस्तेमाल क्यों हो? इसलिए इस 'धन्यवाद' नामक घातक वायरस से मुक्ति का समय आ गया है।अनुच्छेद 52 से 62, राष्ट्रपति की शक्तियां और उनके अधिकारों की व्याख्या करता है। संविधान के अनुच्छेद 86 (1) में राष्ट्रपति को यह अधिकार है कि उनकी जब इच्छा हो, संसद के किसी एक सदन या दोनों सदनों में अभिभाषण दे सकती हैं। हालांकि, आज तक इस आर्टिकल का इस्तेमाल नहीं हुआ है। दोनों सदनों में सालभर में तीन सत्र होते हैं। पहला- बजट सत्र, दूसरा- मानसून सत्र, और तीसरा- शीतकालीन सत्र। लोकसभा के नियम 16 और राज्यसभा के नियम 14 के अनुसार, 'अध्यक्ष को सदन के नेता या प्रधानमंत्री से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय तय करना होता है। लोकसभा के नियम 17 के तहत, सदन का कोई एक सदस्य धन्यवाद प्रस्ताव पेश करता है, जिसका अनुमोदन दूसरा सदस्य करता है। इसके प्रकारांतर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है।' दोनों सदनों के सांसद धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन की मांग भी कर सकते हैं। ये संशोधन उन विषयों के बारे में दिए जाते हैं, जिनका उल्लेख राष्ट्रपति के अभिभाषण में किया गया हो, या फिर ऐसे विषयों पर भी दे सकते हैं जिनका जिक्र अभिभाषण में किया जाना चाहिए था। ऐसा कई बार हुआ भी है। उदाहरण स्वरूप 1980, 1989, 2001, 2015, 2016 में ऐसे संशोधन किये गये थे। किंतु, दोनों सदनों के किसी भी सदस्य को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदस्य बहस कर सकते हैं, मगर सदस्य ऐसे विषय नहीं उठा सकते, जिसका सीधा संबंध सरकार से नहीं है। बहस के दौरान राष्ट्रपति का नाम नहीं ले सकते, क्योंकि अभिभाषण का प्रस्ताव सरकार तैयार करती है। खैर! आप नाम बदल रहे हो, संसद की अधोसंरचना बदल रहे हो, तो उस परंपरा को क्यों नहीं बदलते, जो ब्रिटिश गुलामी की प्रतीक है? संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण, और धन्यवाद प्रस्ताव की शुरूआत हुई कहां

# ग्लोबल समिट खोलेगी लाखों नौकरियों का रास्ता

प्रेम

**राजधानी** लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन दिवसीय यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है। भारत की समृद्धि में दुनिया की समृद्धि निहित है। भारत के उज्ज्वल भविष्य में दुनिया के उज्ज्वल भविष्य की गांरटी पड़ी है। नए भारत के लिए उत्तर प्रदेश आशा का केंद्र बन गया है। बीते कुछ वर्षों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए उत्तर प्रदेश की जो पहल हैए उसके परिणाम नजर आ रहे हैं। बिजली से लेकर कनेक्टिविटी तक हर क्षेत्र में सुधार आया है। बहुत जल्द यूपी देश के उस इकलौते राज्य के तौर पर भी जाना जाएगा जहां पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं।डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से यूपी सीधे समुद्र से जुड़ रहा है। गुजरात और महाराष्ट्र के पोर्ट से कनेक्ट होता जा रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर सभी की निगाह टिकीं हुई हैं। इससे प्रदेश की छवि और आर्थिक गतिविधि में और भी तेजी देखने को मिलेगी। समिट के तीन दिन प्रदेश के विकास का एक नया अध्याय रचने जा रहे हैं। इसी के चलते इसकी थीम भारत का ग्रोथ इंजन रखी गई है। समापन अवसर में महामहिम राष्ट्रपति दोपद्री मुर्म के विचार भी प्रधानमंत्री से कुछ मिलते जुलते रहे साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत के तरक्की के रास्तें में उत्तर प्रदेश मील का पत्थर साबित होगा। यूपीजीआईएस में देश.दुनिया की दिग्गज कॉर्पोरेट हस्तियां उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने में साझीदार बना। समिट के माध्यम से 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश, जीआईएस में तीन दिनों में 34 सत्र में निवेशक सम्मेलन के दौरान विदेश की 304 कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए ।इनमें यूएसए यूएईए फ्रांसए दक्षिण अफ्रीकाए जर्मनीए बेल्जियमए दक्षिण कोरियाए कनाडाए नीदरलैंडए स्वीडनए मॉरीशसए ब्राजीलए मैक्सिकोए इजरायल व ऑस्ट्रेलिया की कंपनियां शामिल हैं। इससे यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद मिलेगी। समिट में 41 देशों से 400 से अधिक प्रतिभागी शामिल रहे। इसके अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से 10 हजार छोटे.निवेशक इस आयोजन का हिस्सा बनें। विदेश से भी 7.12 लाख करोड़ निवेश का। उम्मीद की जा सकती है कि इन्वेस्टर्स समिट से प्रदेश में समृद्धि बढ़ेगी।यूपी में विकास को नई उड़ान मिलेगी। आने वाले समय में यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंटए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलाव दिखाई देंगे। 30 लाख करोड़ के भारी निवेश विभिन्न क्षेत्रों में कम से कम तीस लाख प्रतिभावान युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और लोगों की आमदनी भी बढ़ेगी। हालांकि रोजगार के आकड़ों को भारी भरकम कहा जा रहा है लेकिन केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी की घोषणा को देखा जाए तो उसके मुताबिक यूपी को तीन लाख नई बसे देगें। इस पर औसतन एक बस पर दो लोगो को रोजगार का अवसर मिलना देखे तो छह लाख लोगों को केवल नितिन गडकरी की घोषणा के अनुसार रोजगार के अवसर मिलेगें। वास्तव में देखा जाए तो उत्तर प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने की कड़ी में राजधानी लखनऊ में आयोजित निवेशकों के तीन दिवसीय महाकुंभ में नया इतिहास लिखा जा चुका है। यूपीजीआइएस-23 के माध्यम से 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्तावित निवेश न सिर्फ उत्तर प्रदेश की आर्थिक विकास दर को गति देगा बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का जरिया बन युवाओं के सपनों को भी साकार करेगा। रिलायंस समूह के मुकेश अंबानी, टाटा संस के के चंद्रशेखरन, बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला, महिंद्रा ग्रुप के आनंद महिंद्रा जैसी हस्तियां निवेशकों का प्रतिनिधित्व करती नजर आई। देश-दुनिया के निवेशकों से मिले उत्साहजनक निवेश प्रस्तावों के दृष्टिगत सरकार को अपना लक्ष्य बढ़ाना पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही यह संकेत दे चुके हैं कि यूपीजीआइएस के माध्यम से प्राप्त होने वाला निवेश उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के आंकड़े को पार करेगा। चालू वित्तीय वर्ष में यूपी का जीएसडीपी 20.48 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। अब निवेश का आंकड़ा 30 लाख करोड़ रुपये पहुंचने का अनुमान जताया जा रहा है। इसमें करीब एक चैथाई हिस्सेदारी विदेशी निवेशकों की होगी।अब तक हुए निवेश करार और निवेश सहमति रोजगार के सुखद आंकड़ों की तस्वीर पेश कर रही है। यदि मौजूदा निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरते हैं तो इससे प्रदेश में दो करोड़ से अधिक अधिक रोजगार सृजित होंगे। पचास करोड़ तक निवेश करने वाली छोटी इकाइयों से 1.37 करोड़ से अधिक रोजगार सृजन का अनुमान लगाया गया है। जबकि 50-200 करोड़ का निवेश करने वाली कंपनियां 20.07 लाख रोजगार देंगी। 200-500 करोड़ का निवेश करने वाली कंपनियों से 4.27 लाख से अधिक रोजगार सृजन की संभावना आंकी गई है। वहीं 500-3000 करोड़ का निवेश करने वाली कंपनियां 18.56 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देंगी। 3000 करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव देने वाली मेगा कंपनियों ने 15.48 लाख रोजगार देने की सहमति अपने निवेश प्रस्तावों में दी है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिलना एक बड़ी उपलब्धि है। इतनी बड़ी राशि का निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश के साथ शेष देश का भी ध्यान खींचने वाला हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना करनी होगी कि वह निवेश के अनुकूल वातावरण का निर्माण करने और निवेशकों को आकर्षित करने में सफल रही।

ऐसी स्थिति तभी बनती है, जब जमीनी स्तर पर व्यापक बदलाव किए जाते हैं और उनके माध्यम से कारोबारियों को यह भरोसा दिलाया जाता है कि उनका निवेश न केवल सुरक्षित है, बल्कि उनके पास आगे बढ़ने के भी पर्याप्त अवसर हैं। इसमें संदेह नहीं कि पिछले करीब छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में बहुत कुछ बदला है। इस बदलाव के कारण ही प्रदेश के पिछड़े माने जाने वाले बुंदेलखंड और पूर्वांचल के जिलों को भी उल्लेखनीय निवेश प्रस्ताव मिले हैं। प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि उसके सभी क्षेत्रों और विशेष रूप से पिछड़े समझे जाने वाले क्षेत्रों में भी उद्योग-धंधे लगें। ऐसे में सभी राज्य सरकारों को इस चुनौती का भान होना चाहिए कि निवेशकों को आकर्षित करने के बाद की चुनौती उनके निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की होती है और यह चुनौती तब आसान होती है, जब नौकरशाही की कार्यशैली कारोबार हितैषी बनती है। यह न केवल उत्साहजनक है, बल्कि सराहनीय भी कि पिछले कुछ समय से देश के विभिन्न राज्य निवेशकों को आकर्षित करने के मामले में एक-दूसरे से होड़ ले रहे हैं।

# तेरी जुबान है झूठी जम्हूरियत की तरह

वर्षा भम्भाणी मिर्जा

**प्रधानमंत्री** का चिर-परिचित अंदाज एक बार फिर धन्यवाद चर्चा के दौरान दिखाई दिया। वे अक्सर खुद को गाली खाकर जिंदा रहने वाला बताते हैं। जिसका आशय यह कि गालियां उन्हें टॉनिक की तरह लगती हैं और 'नीच' और 'रावण के दस सिर' वाले संवाद तो उनमें नई ऊर्जा का संचार करते हैं। इस भाषण में उन्होंने कहा कि अगर आप मोदी को गाली दोगे तो वह जनता कैसे बर्दाश्त करेगी जिसकी जिन्दगी इस सरकार के आने के बाद संवर गई है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में लोकसभा और राज्यसभा में सदस्यों ने जो वक्तव्य दिए वे ऐसे मालूम होते थे जैसे 'तुम कहो खेत तो मैं कहूं खलिहान'। कई बार लगा कि जैसे फर्जी रण लड़े जा रहे हों। फिर बीच-बीच में बड़े शायरों की नर्म सी शायरियों को लाया जाता था। पक्ष-विपक्ष दोनों के सदस्य कई बड़े कवियों की आड़ में कह तो बहुत कुछ कह रहे थे लेकिन लगता यही था कि इस ओर से आएगा तो उन पर सही होगा और उस ओर से आएगा तो इन पर सही हो जाएगा। विपक्ष के वक्तव्य में सब तरफ अंधेरा दिखाई दे रहा था तो सत्ता पक्ष को सब कुछ सूरज की तरह चमकीला और उज्ज्वल। चांद, तारों और जुगनुओं का तो जैसे कोई वजूद ही नहीं था यहां। सत्तापक्ष की जिम्मेदारी बड़ी होती है और उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री का भाषण देश की हकीकत से रूबरू कराते हुए, अपने शासन के गुण-दोषों की गणना कराते हुए राष्ट्रपति को धन्यवाद देगा। उनका संबोधन सुनते हुए लगा कि देश में हरेक परिवार के पास अपना पक्का घर और हर महिला धुंए से मुक्त होकर मुस्कुराते हुए खाना बना रही है। ... और तो और उसके महीने के कठिन दिनों के लिए सैनिटरी नैपकिन भी प्रधानमंत्री ने उपलब्ध करा दिए हैं। देखना यह भी अजीब था कि विपक्ष के सदस्य जब भी अडानी और प्रधानमंत्री के बारे में कोई बात कहते, पीठासीन अध्यक्ष तुरंत उन्हें हड़काते हुए प्रमाण और कागज दिखाने की बात कहकर बोलने से रोक देते करते सत्ता पक्ष के सदस्यों को बोलने पर पूरा सुरक्षा कवच दिया जाता। यह सोची-समझी रणनीति का हिस्सा ही मालूम होता है कि अडानी मुद्दे पर जब भी कोई सदस्य बोले, उसे बोलने नहीं दिया जाए। राहुल गांधी के अडानी से जुड़े सीधे सवालों को कार्रवाई से हटा दिया गया और ऐसा तुरंत नहीं बल्कि अगले दिन किया गया। राहुल गांधी का एक सीधा सवाल यह था कि ये शैल कंपनियां कौन चला रहा है और इससे देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है क्योंकि अडानी के पास देश के बंदरगाह और हवाई अड्डे हैं। राहुल गांधी की पहले भी शिकायत रही है कि सदन में हमारा माइक बंद कर दिया जाता है और अब की बार जब उनका माइक बंद नहीं हुआ तो भाषण का बड़ा हिस्सा ही हटा दिया गया। फिर भी भाषण सीधे प्रसारण के जरिये और अन्य चैनलों के माध्यम से जनता तक पहुंच चुका था। प्रतिबंधों के सिलसिले में एक और नया प्रतिबंध लेकिन बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री जैसा ही बेअसर। अब सवाल यही है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने भी अडानी और सरकार के रिश्तों पर सवाल उठाए थे तब क्या उनके भाषण को भी कार्रवाई से अलग कर दिया जाएगा? प्रधानमंत्री ने धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा में विपक्ष को निराशा में डूबा हुआ बताया। तब क्या राम मनोहर लोहिया, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज, जॉर्ज फर्नांडिस सभी निराशा में डूबे हुए थे? सवाल करना निराशा में डूबना हो गया तब तो विपक्ष के लोकतंत्र में कोई मायने ही नहीं रह गए। प्रधानमंत्री क्या इस भूमिका की अवहेलना की मुद्रा में हैं? सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे, महुआ मोइत्रा, मनोज कुमार झा, अजित कुमार भुयान, विकास रंजन भट्टाचार्य, जवाहर सरकार आदि की आवाजों के कोई मायने नहीं हैं? यह सच है कि जनता के बीच आप अपनी सरकार के कार्यक्रमों- उपलब्धियों के नए-नए आयाम नई-नई शैलियों में रखने से ही 2024 का मार्ग प्रशस्त होता है लेकिन जब संसद भी रैलियों सा मंजर प्रस्तुत करे तो फिर इस पवित्र मंदिर की महत्ता क्या रह गई जिसकी देहरी पर प्रवेश से पहले लोग सर झुकाते हैं? प्रधानमंत्री ने 2004 से 2014 के कार्यकाल को अंधकार में डूबा हुआ बताते हुए कहा कि यह घोटालों का काल था। कॉमन वेल्थ घोटाला, 2-जी घोटालों में देश उलझा हुआ था। यह 'द लॉस्ट डिकेड' था जब हर समय लावारिस चीजों को न छूने की चेतावनी दी जाती थी। इन्होंने हर मौके को मुसीबत में बदल दिया। आज जो जी -20 का अवसर मिला है कुछ लोगों को उसका भी दु:ख हो रहा है। एक, दो, तीन दशक की अस्थिरता के बाद जब स्थिर सरकार आई है तो दुनिया में भारत की साख का डंका बज रहा है। डिजिटल इंडिया में नब्बे हजार स्टार्टअप्स के साथ हम दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। ऊर्जा, एविएशन, स्पोर्ट्स हर जगह हम आगे हैं और दुनिया की विश्वसनीय संस्थाओंकी भारत में आस्था है। इसी भाषण में प्रधानमंत्री ने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल की सराहना करते हुए भी विपक्ष को लपेट लिया जबकि विपक्ष ने राफैल डील के वक्त सरकार की तीखी आलोचना की थी। आलोचना हुई थी कि पीएम ने भारत के दक्ष एचएएल को छोड़कर अनिल अम्बानी की ऐसी कंपनी को राफैल बनाने का ठेका दे दिया था जिसका कोई अता-पता ही नहीं था। बाद में वे खुद ही दिवालिया घोषित हो गए। ताल्लुकात केवल अडानी से संदिग्ध नहीं हैं।

## नजरें हटी, समझो दुर्घटना घटी

डॉ. सुरेश कुमार

**हमारा** एक दूर का मित्र था। उसने मुझे एक दुकान से परिचय करवाया। उस दुकान की खासियत यह थी कि दुकान का मालिक किसी को दिखाई नहीं देता था। सभी को जो चाहिए होता था वह मिल जाता था। इस तरह आस पड़ोस में उसके प्रति विश्वास बढ़ गया। देखते ही देखते उसका व्यापार चल निकला। अब तो आए दिन लोग उसके पास खरीदे हुए सामान के बचे हुए पैसे छोड़ आते थे। सभी उसका गुण-गान करने लगे। दुकानदार ने अपने व्यापार को विकसित करने के लिए देश के कोने कोने में यहां तक कि विदेशों में भी अपनी कुछ दुकानें खोल दीं। इस तरह व्यापार दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा था। कुछ दिन बीत गए। लोग विश्वास के चलते आकंठ डूब गए थे। अचानक से एक दिन सभी दुकानों ने अपने शटर कुछ इस तरह बंद कर दिए कि उसे ताला न लगाना पड़े और लोग उसके नीचे से ही कुछ भी ले सकते थे।

अब व्यापार कुछ इस तरह से होने लगा था - कोई बिस्कुट का पैकेट दुकान के अंदर फेंकता तो बदले में उसे दो - दो कभी कभार उससे भी ज्यादा मिल जाते थे। इसकी देखा-देखी लोग अपनी निजी वस्तुएं जैसे बेल्ट, कमीज, बटुआ, पैंट दुकान के भीतर फेंकते तो बदले में उसे अधिक मिल जाता। लेकिन लालच बुरी बला है। इसे कभी नही करना चाहिए। लालच में अंधे लोग अपना सब कुछ दांव पर लगाकर दुकान के भीतर से और अधिक की उम्मीद में ताकते रहे। उनका ताकना, ताकना ही रह गया। इस बार दुकानदार ने शटर पूरी तरह से बंद कर दिया था। ऐसा बंद किया कि फिर कभी खुलने वाला नहीं था।

## फटाफट खबरें

### जानलेवा हमले में चार को हुई चार-चार साल की सजा, गांजा तस्कर को हुई तीन साल की सजा व बीस हजार जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने राजकुमार, शिवदर्शन पुत्रगण रामप्रसाद, विकास कुमार पुत्र राजकुमार व देवराज पुत्र रामप्रसाद निवासी चकला गुरुबाबा कोतवाली कर्वी के बलबा, लाठी से जानलेवा हमला, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी आदि के मामले में चार-चार साल का कारावास व साढे दस-दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश ने वादी सुरेन्द्र सिंह की कोतवाली कर्वी में 11 नवम्बर 2017 को लिखाई रिपोर्ट में कहा था कि उसके पिता बाबूलाल व भाई फुन्नीलाल दस नवम्बर की शाम खेत में पानी लगाये थे। रात में खाना खाकर पिता व भाई के पास खेत में पानी लगाने जा रहा था। रास्ते में चकला गुरुबाबा पानी की टंकी के पास पहले से घात लगाये बैठे शिवकुमार, राजकुमार, देवराज, शिवदर्शन व विकास कुमार ने जमीनी रंजिश के चलते ललकारते हुए कुल्हाडी, फरसा व लाठी-डण्डों से हमला बोल दिया। हमले में उसके पिता व भाई तथा सभी लोग घायल हो गये। हल्ला-गुल्ला सुनकर खेत में पानी लगाये लोग दौडकर मौके पर आये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्जकर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था।

एसपी के निर्देश पर कर्वी कोतवाल व पैरोकार बाबूलाल ने समय से गवाहों की पेशी कराई। शासकीय अधिवक्ता अजय सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय ने चारों लोगों को चार-चार वर्ष के कारावास और साढे दस-दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। इसी क्रम में गांजा तस्करी के आरोपी विकास उर्फ पप्पू पुत्र भइयालाल निवासी द्वारिकापुरी कोतवाली कर्वी के मामले में अदालत में समय से गवाहों की पेशी कराई गई। शासकीय फौजदारी अधिवक्ता सनत कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस को सुनकर एफटीसी न्यू कोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट में आरोपी विकास उर्फ पप्पू को तीन साल की कैद व बीस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

### समाजसेवी को बगरेही लेखपाल ने दी धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्र ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि पूर्वजों के समय से बिना बंटवारा बने पैतृक घर पर रहने वालों के इशारे पर बिना परिवार रजिस्टर नकल व सहखातेदारों तथा कास्तकारों का अवलोकन किये बिना गांवसभा की अतिक्रमण की गई भूमि पर बने अवैध मकानों की घरौनी बनाने में मनमानी की जा रही है।

सोमवार को पीडित समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्र ने कहा कि दस फरवरी को सवेरे दस बजे से शाम छह बजे तक हल्का लेखपाल वीरेन्द्र श्रीवास्तव घरौनी बना रहे थे। हल्का लेखपाल ने परिवार रजिस्टर की नकल, सजरा खानदान, कास्तकारों तथा सहखातेदारों एवं पूर्वजों के बने आबादी घरों की घरौनी बनाने में पदीय दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे। सहखातेदारों के पूर्वजों के समय से बने बिना बंटवारा वाले आबादी घरों पर रहने वालों के इशारे पर मनमानी ढंग से घरौनी बनाई जा रही है। इसके पहले भी पीडित ने गांवसभा की बेशकीमती भूमि पर अवैध ढंग से बने घरों के खिलाफ शिकायत की थी।

पीडित समाजसेवी ने कहा कि गलत कार्य का विरोध जताने पर उसे झूंठा मुकदमा लगाकर फंसाने की धमकी राजस्व लेखपाल ने दी है। पीडित ने राजस्व लेखपाल वीरेन्द्र श्रीवास्तव के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### यातायात प्रभारी ने सीज किये चार ट्रक




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने टीम के साथ जांच दौरान चार ट्रकों को सीज किया है।

सोमवार को एसपी के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में शहर की यातायात व्यवस्था चैकस रखने की गरज से जारी अभियान के क्रम में यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने टीम के साथ विभिन्न चैराहों में वाहनों की जांच का अभियान चलाया। अभियान के तहत बिना नम्बर प्लेट, अवैध खनन ढुलान करने वाले ट्रकों की जांच की गई। जांच दौरान बिना कागजात, ओवरलोड में चार ट्रकों को सीज किया।

उन्होंने अवैध खनिज परिवहन की बाबत खनिज अधिकारी को आख्या भेजी है। ओवरलोड की बाबत एआरटीओ को आख्या भेजी गई है।

### बच्चे को गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया

**नगीना। गन्ने के खेत** में अपनी मां के साथ काम कर रहे बच्चे की गुलदार ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां से बिजनौर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम जीतपुर पढ़ ली निवासी ओमप्रकाश का 10 वर्षीय पुत्र टिकेंद्र सैनी अपनी मां के साथ हाईवे के किनारे गन्ना छोड़ रहे थे कि अचानक गन्ने के खेत से निकलकर गुलदार ने टिकेंद्र पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसकी मां व अन्य लोगों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां से गंभीर हालत में उसे बिजनौर रेफर कर दिया।

### दबंगों ने बरात पर बोला हमला, दूल्हा सहित बारातियों के साथ की जमकर मारपीट

**अवागढ़। तहसील ज**लेसर के थाना अवागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत 11 फरवरी की रात्रि में अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव नगला गढ़ा निवासी सरनाम सिंह की बेटी भगवान की थी शादी। लोगों ने मचाया जमकर तांडव।

घटना के वीडियो आए सामने, पुलिस ने किया दबंगो के खिलाफ मामला दर्ज।

बारात जलेसर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला रामबक्श निवासी नन्नू सिंह कुशवाहा के पुत्र संतोष की नगला गढ़ा में पहुंची थी बारात ।

घुड़चढ़ी के दौरान ही गांव के ही दबंगों ने बड़ी संख्या में बारातियों महिलाओं, पुरुषों दूल्हा पर बरसाए लाठी डंडा जमकर की मारपीट ।

पीड़ित पक्ष के द्वारा अवागढ़ थाना पर पहुंच कर पुलिस से कार्यवाही की मांग।

अवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गढ़ा की घटना।

# सहकारी समिति में बनाये जा रहे फर्जी मतदाता: विधायक

## मामले की जांचकर दोषियों पर हो कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि सहकारी समिति पहाडी उत्तरी किसान सेवा सहकारी समिति लि में फर्जी मतदाता बनाये जा रहे हैं। उन्होंने 27 जनवरी 2023 से गलत एवं फर्जी ढंग से बनाये जा रहे मतदाताओं के मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कडी कानूनी कार्यवाही की मांग की है।



सोमवार को सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि सहकारी समितियों के आम चुनाव शासन ने सम्पन्न कराना तय किया है। किसान सेवा सहकारी समिति पहाडी उत्तरी ने किसान सहकारी बैंक शाखा पहाडी के शाखा प्रबंधक, कैशियर एवं बैंक के संचालक मंडल फर्जी ढंग से समिति के सचिव अनुसुइया तिवारी से पिछली तारीख में फर्जी ढंग से मतदाता बनवाये जा रहे हैं, जो सहकारी नियम के विरुद्ध है। इसके चलते निष्पक्ष चुनाव होना सम्भव नही है। उन्होंने कहा कि शाखा प्रबंधक, कैशियर, बैंक संचालक मंडल एवं सचिव चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं। 27 जनवरी 2023 को पहाडी उत्तरी के सचिव का तबादला उसी दिन दो रसीद बुक देकर बैंक संचालक आदि के दबाव में मंजूर कराया है। 28 जनवरी को तीसरी रसीद बुक जारी कर नये सचिव अनुसुइया तिवारी से गलत ढंग से बैंक में योगदान आख्या दी गई है, जबकि सहकारी समितियों का कार्यकाल 29 जनवरी 2023 तक था। नये सचिव समिति में योगदान आख्या न देकर गलत ढंग से बैंक में दिया है। 27 जनवरी के पहले की रसीद बुक खत्म न हो जाने तक और सभी रसीदों का पैसा बैंक शाखा में जमा न होने तक शाखा प्रबंधक नई रसीद बुक जारी नहीं करते हैं। समिति के पुराने सचिव से रसीद बुक के लिए कोई मांग पत्र नहीं दिया। नई रसीद बुक गलत ढंग से देकर चहेतों को मतदाता बनाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि जिले की चार समितियों का कार्य भार अनुसुइया तिवारी पर है, जबकि एक ही दिन में पूरे जिले में मतदान होना है। लोहदा समिति इनकी मुख्य समिति है। पहाडी उत्तरी, दक्षिणी मानिकपुर समितियों का अतिरिक्त प्रभार जिले के संचालक मंडल जिला सहायक निबंधक ने किया है। कोआपरेटिव बैंक शाखा पहाडी में तैनात कैशियर रामबाबू पहाडी निर्वाचन क्षेत्र के बैंक संचालक का चचेरा भाई है, जो पूरे चुनाव को प्रभावित करेगा। निष्पक्ष चुनाव इन्हें हटाये बिना सम्भव नहीं है। समितियों के संचालकों के चुनाव क्षेत्र के परिसीमन को गलत ढंग से गुपचुप ढंग से जिला सहायक निबंधक एआर कोआपरेटिव कर रहे हैं। पिछले चुनाव की भांति ही क्षेत्रों का निर्धारण किया जाये। जिला सहायक निबंधक एआर कोआपरेटिव से एक सचिव को चार समितियों के कार्यभार सौंपने की भी जांच कराई जाये। विधायक ने कहा कि गलत ढंग से बनाये जा रहे मतदाताओं के मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये।

# कर्ज की राशि बढाना, किसानों को है जाल में फंसाना: यादव

## राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय आवाहन पर जिला काउंसिल के जिला सचिव अमित यादव की अगुवाई में भाकपाइयों ने पार्टी कार्यालय से हिंडनवर्ग रिसर्च की जांच कराओ, महंगाई कम करो, बेरोजगारों को रोजगार दो, किसानों-कामगारों को बजट में राहत दो, इंकलाब जिन्दाबाद के नारेबाजी करते हुए जिला कचहरी से जुलूस की शक्ल में तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां जुलूस सभा में तब्दील हो गया।



सोमवार को भाकपा के जिला सचिव का अमित यादव की अगुवाई में भाकपाइयों ने तहसील मुख्यालय में हुई सभा में यादव ने कहा कि केन्द्रीय बजट के जनविरोधी प्राविधानों और भाजपा के प्रधानमंत्री के चहेते प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी के घोटालों में बडे पैमाने पर अम्बार लगा है। केन्द्र के 2023-24 के लिए संसद में पेश बजट पूरी तरह से भाजपा के आका कारपोरेटों के पक्ष में और किसानों-कामगारों, युवाओं और मध्य वर्ग के हितों के खिलाफ है। बजट में बढती महंगाई, बेरोजगारी को कम करने, अमीरों और गरीबों के बीच दिन ब दिन गहरी हो रही खाई को बांटने, मुद्रास्फीत को काबू करने और ग्रामीण क्षेत्र की चैतरफा बढ रही समस्याओं को काबू में लाने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। बजट में कृषि आवंटनों को घटाकर 85 सौ करोड कर दिया है। कर्ज की राशि बढाना किसानों को कर्ज के जाल में फंसाना है। आरएसएस की हाईब्रिड सरकार दो पूंजीपति घरानों पर पूरी तरह से मेहरबान रही है। मोदी सरकार के नौ सालों में इन दोनों की सम्पत्तियां सुरसा की तरह बढती चली गईं। बैंक और बीमा कम्पनी में जमा जनता के धन को सरकार के समर्थन से डाका डालने की साजिश रची जा रही है।

सभा के बाद भाकपाइयों ने का अमित यादव की अगुवाई में राष्ट्रपति सम्बोधित दस सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार सरधुआ को सौंपा। इस मौके पर का चन्द्रपाल पाल, का रविकरन, का राजेन्द्र कुमार, संदीप पाण्डेय, बलदेव विश्वकर्मा, रजनीश यादव, रेवतीरमण, सुशील सिंह, बृजभूषण, शिवाकान्त, शिववरन, रामकिशोर, हनुमान, गोपी, पुरुषोत्तम, कमलेश यादव, मुन्ना यादव, रमेश, अवनीश, बुद्धविलाश, रामचन्द्र, गिरीश, रतिभान, अमर, सुरेश, बेलिया आदि मौजूद रहे।

# बागेश्वर धाम से सात माह से लापता महिला को परिजनों से मिलवाये सरकार: अजीत सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के खुटहा गांव से पति के साथ बागेश्वर धाम दर्शन करने गई एक महिला पिछले सात महीने से लापता है। पति और परिजन आज भी महिला की तलाश में भटक रहे हैं। बुंदेली सेना ने बागेश्वर धाम सरकार से महिला को परिजनों से मिलाने की गुहार लगाई है।



सोमवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि खुटहा गांव के दुर्गा प्रसाद खंगार अपनी पत्नी मेडिया देवी (50) के साथ बागेश्वर धाम सरकार के दर्शन करने गये थे। तीन जुलाई की रात में धाम की परिक्रमा लगाते समय पत्नी अपने पति से बिछड़ गई। इसके बाद दुर्गा प्रसाद ने कई दिनों तक पत्नी की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। चार जुलाई 2022 को बमीठा थाने में महिला की गुमशुदगी दर्ज कराई। लगभग सात महीने बीतने के बाद भी महिला का पता नहीं चल पा रहा है। पति दुर्गा और उनके बच्चे आज भी उसकी तलाश कर रहे हैं। पति ने बताया कि पत्नी मेडिया मानसिक रूप से परेशान रहा करती थी। कुछ लोग भूत-प्रेत का चक्कर बताते थे। इसी वजह से वह पत्नी को लेकर बागेश्वर धाम गया था। उसे क्या मालूम था कि यहां उसकी पत्नी ही खो जायेगी। अत्यंत ही साधारण पृष्ठभूमि के किसान दुर्गा को आज भी उम्मीद है कि उसकी पत्नी उसे मिल जायेगी। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री पर सभी की आस्था है, लेकिन दुर्गा को उसकी पत्नी के ढूंढवाने में सरकार को मदद करनी चाहिए। मांग किया कि सरकार गरीब किसान को उसकी पत्नी से मिलवाएं, ताकि लोगों की बागेश्वर धाम के प्रति आस्था में और अधिक वृद्धि हो।

# 25 तक हर हाल में एयरपोर्ट की बने सडक: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने देवांगना एयरपोर्ट के लिए बन रही 14 सौ मीटर एप्रोच रोड को टर्मिनल तक जोडने का औचक निरीक्षण कर एयरपोर्ट एथार्टी एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि 25 फरवरी तक हर हाल में टर्मिनल बिल्डिंग तक जीएसबी डलवाकर सडक मार्ग पर आवागमन शुरू हो जाना चाहिए।



सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को देवांगना एयरपोर्ट के एयरपोर्ट एथार्टी एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों ने बताया कि पांच सौ मीटर बाउंड्रीवाल का कार्य पूरा हो गया है। शेष पर तेजी से कार्य हो रहा है। साथ ही एप्रोच रोड में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बाउंड्रीवाल व रिटर्न वाल का कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। एप्रोच रोड के निर्माण में उसके किनारे के लिए तारफेंसिंग व स्ट्रीट लाइटिंग, इंटरलॉकिंग व प्लांटेशन भी लगवाये जायें। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी के साथ एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम सदर राजबहादुर, राइट्स के जीएम अतुल प्रकाश, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्यासे दलित छात्र को पानी पीना पड़ा महंगा, जाति सूचक शब्द व बेइज्जत करके छात्र को स्कूल से भगा दिया

**अफजलगढ़। था**ना क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद में एक प्यासे दलित छात्र को प्रधानाचार्य की मेजपर रखी पानी बोतल से पानी पीना बहुत मंहगा पड़ा। दलित छात्र के इस कृत्य की सजा प्रधानाचार्य और उसके भाईयों ने हाथों-हाथ दे डाली। सबके सामने दलित छात्र को जलील कर बुरी तरह पीटा गया। और जाति सूचक शब्द व बेइज्जत करके छात्र को स्कूल से भगा दिया।

पुलिस ने पीड़ित छात्र की तहरीर पर प्रधानाचार्य सहित उसके भाईयों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद में स्थित चमनो देवी इंटर कॉलेज में रविवार को 12 वीं कक्षा के छात्र छात्राओं की एक फेयरवेल पार्टी का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान दलित छात्र राजकुमार पुत्र डालचंद सिंह निवासी ग्राम प्रेमनगर पुक्खेवाला 11 वीं का छात्र है। वह इस कार्यक्रम में शामिल था।

पीड़ित छात्र को अचानक प्यास लगी तो सामने बेंच पर रखी बोतल से पानी पिया प्यासे दलित छात्र को प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार की मेजपर रखी पानी बोतल से पानी पीना बहुत मंहगा पड़ा। दलित छात्र के इस कृत्य की सजा प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार पर और उसके भाईयों ने हाथों-हाथ दे डाली। सबके सामने दलित छात्र को जलील कर बुरी तरह पीटा गया और प्रधानाचार्य ने जाति सूचक शब्द व बेइज्जत करके छात्र को स्कूल से भगा दिया। जिसपर पीड़ित छात्र ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की।? उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज किये जाने की पुष्टि करते आवश्यक कार्रवाई किये जाने की बात कही है।

### भारत विकास परिषद सुल्तानपुर शाखा की आम सभा संपन्न

**सुल्तानपुर। भारत** विकास परिषद सुल्तानपुर शाखा की आम सभा स्थानीय होटल में संपन्न हुई जिसमें वर्ष 202324 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया ' चयन प्रक्रिया के पर्यवेक्षक प्रयाग प्रांत सचिव सुनील धवन थे। आम सभा के प्रारंभ में श्री आलोक आर्य ने आये हुए अथितियों एवं सदस्यों का स्वागत किया ' सचिव अभय शर्मा ने वर्ष भर में सुल्तानपुर शाखा द्वारा किये गए विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया।

नई कार्यकारिणी के चयन के संदर्भ में प्रवींद्र भालोटिया ने प्रस्ताव किया कि वर्तमान कार्यकारिणी को ही अगले सत्र के लिए चयनित किया जाय। सदस्यों ने चर्चा कर सर्व सम्मति से इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति व्यक्त की ,कई अनुपस्थित सदस्यों ने संदेश के माध्यम से सहमति व्यक्त किया,जिसके अनुसार वर्ष 202324 के लिए श्री अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष, श्री अभय शर्मा सचिव एवं श्री शोभित सेठ कोषाध्यक्ष चयनित किये गए।

आम सभा में श्रीमती मंजू धवन,डा. रमेश ओझा, डा. सत्येंद्र गुप्ता, आलोक आर्य प्रवींद्र भालोटिया, कमल सेठ, शोभित सेठ, डा. डी. एल. गुप्ता, विनोद लोहिया, डा. अंकुर सेठ, डा. सुनील गुप्ता डा. रजनीश मल्होत्रा, पंकज सोनी, अनिल अग्रवाल, अरुण आर्य, डा. सलिल श्रीवास्तव दिलीप बर्नवाल, गणेश अग्रहरि, अभय शर्मा तथा अरुण सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

अध्यक्ष अरुण सिंह के नई ऊर्जा के साथ कार्य करने के संकल्प एवं सभा में आए हुए सदस्यों का आभार प्रकट करने के साथ बैठक का समापन हुआ।

### नगर के परिसर में जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय के अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेशी**य प्राथमिक शिक्षक संघ सुलतानपुर जनपदीय संयुक्त कार्यसमिति की बैठक प्राड्ड विड्डशास्त्री नगर के परिसर में जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 20 23 की सदस्यता पूर्ण किए जाने/ क्षेत्रों से सूची और कोटा मनी सम्मिलित किए जाने/ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित/ गतिमान शिक्षकों के प्रति कार्यवाही के संबंध में साथ ही कार्यालय में लंबित चयन वेतनमान पत्रावलियों को निस्तारित किए जाने।

लेखा कार्यालय में लंबित पावनो/ बिलों के संबंध में सभी इकाइयों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। जनपदीय मंत्री डॉ यच बी सिंह ने विगत में हुए उक्त समस्याओं के निस्तारण के संबंध में जनपदीय कार्यसमिति के प्रयासों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और लंबित समस्याओं के लिए कार्य समिति द्वारा प्रस्तावित मांगपत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्राप्त करा कर निस्तारण के लिए अनुरोध किए जाने की सहमति दी गई।प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि आज की बैठक का प्रमुख एजेंडा

प्रांतीय नेतृत्व द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में *जनपद में संघ के कार्यो को गति देने, क्षेत्रीय इकाइयों और जनपदीय इकाई के मध्य उचित समन्वय करने, ब्लाकों और तहसील स्तर पर शिक्षक समस्यावो के समाधान के लिए ब्लाकों पर क्षेत्रीय इकाइयों का सहयोग /संघर्ष करने, तहसील स्तर पर आंदोलनो को नेतृत्व देने, तहसील स्तर पर प्रसासनिक अधिकारियों से ज्ञापन/वार्ता करने और समय समय पर प्रांतीय तथा जनपदीय नेतृत्व द्वारा दिये गए संघीय दायित्वों के निर्वहन हेतु दिए गए निदेशों के अनुपालन की प्रतिबद्धता के साथ जनपद सुल्तानपुर के सभी तहसीलों के प्रभारियों की नियुक्ति /मनोनयन किये जाने के

आलोक में तहसीलवार क्रमशः- सुल्तानपुर में अब्दुल मजीद प्राथमिक विद्यालय बंधुआ कला दूबेपुर, लम्भुआ में चंद्रशेखर पांडेय प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर लंभुआ, कादीपुर में श्री रविन्द्र कुमार(रवि यादव) प्राथमिक विद्यालय बबुरी , दोस्तपुर , बल्दीराय में श्री विपिन कुमार सिंह कम्पोजिट बड़ाडाड़ कुँवासी बल्दीराय, जयसिंहपुर में श्री विमलेश सरोज प्राथमिक विद्यालय पूरे धोबियान जयसिंहपुर* को तहसील प्रभारी का दायित्व इस आशय प्रदान किया गया कि सम्बंधित लोग तत्काल प्रभाव से संघ और शिक्षकों के हितों के संरक्षण हेतु संलग्न होना सुनिश्चित करें।

बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा विनोद यादव प्रतिमा सिंह कोषाध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा अंजनी शर्मा राजकुमार यादव प्रदीप नारायण झा संजय यादव केदारनाथ दुबे अनुपम अनिल यादव हेमंत यादव अशोक यादव युवा अध्यक्ष धीरेंद्र राव बृजेश मिश्रा मोहम्मद मुज्तबा विभिन्न विकास हेतु के मंत्री अध्यक्ष तथा जनपद विकास समिति के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को नेपाल आने का न्यौता

**काठमांडू।** नेपाल की सेना ने भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को आमंत्रण भेजा है। सैन्य प्रवक्ता जनरल कृष्ण प्रसाद भंडारी ने बताया कि उन्हें नेपाली सेना के स्थापना दिवस पर विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। भंडारी के मुताबिक नेपाली सेना के मानद महारथी की उपाधि पाने वाले भारत के सभी पूर्व सेनाध्यक्षों को आमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने कहा, नेपाली सेना की ओर से भारत के सेनाध्यक्ष और नेपाली सेना के मानद महारथी की उपाधि प्राप्त पूर्व भारतीय सेना प्रमुख सबी को निमंत्रण भेजा गया है। परंपरा के अनुसार दो देशों के सेना प्रमुख दूसरे देश के महारथी महारथी का सम्मान करने आ रहे हैं। जनरल मनोज पांडे वर्तमान में नेपाली सेना के मानद महारथी हैं। जनरल प्रभुराम शर्मा भारतीय सेना के मानद महारथी हैं। दोनों देशों के बीच सैन्य संबंध मजबूत हैं। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाल में सेना दिवस मनाया जाता है। काठमांडू, टुंडीखेल के मध्य भाग के सैन्य चरण में सैन्य परेड और कला का प्रदर्शन किया जाता है।

## पाकिस्तान में तीन ट्रांसजेंडर्स को गोली मारी, एक की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान में एक संगीत कार्यक्रम से लौट रहे एक ट्रांसजेंडर की हत्या कर दी गई और दो अन्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया गई। घटना देर रात को हुई जब तीन ट्रांसजेंडर्स कोहाट जिले में एक संगीत कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपने घर लौट रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार तीन ट्रांसजेंडर्स कोहाट जिले में एक संगीत कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जब तीनों ट्रांसजेंडर अपने घर जा रहे थे, तभी एक बंदूकधारी ने उन पर गोली चला दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि ट्रांसजेंडर्स में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया है।

पाकिस्तान में वर्ष 2018 में ट्रांसजेंडर कानून लाया गया था। ये कानून ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को कानूनी मान्यता प्रदान करता है। इस कानून के आने के बाद से ही कई इस्लामी संगठन इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। 2018 में संसद से पारित किए गए इस कानून में ट्रांसजेंडर समुदाय को पासपोर्ट, राष्ट्रीय पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी आधिकारिक दस्तावेज पर अपनी पहचान पंजीकृत करने के अधिकार दिए गए हैं।

## इमरान का यूटर्न, अपनी सरकार गिराने के लिए पूर्व सेना प्रमुख बाजवा को बताया जिम्मेदार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एकबार फिर यूटर्न लेते हुए उनकी सरकार गिराने के कथित षड्यंत्र के लिए अमेरिका की बजाय पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा को जिम्मेदार ठहराया।



पिछले साल अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये इमरान खान की सरकार की विदाई हुई थी और उस समय इमरान खान ने इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि रविवार रात एक टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान उन्होंने अमेरिका को क्लीन चिट दे दी है। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन के मुताबिक इमरान ने देश के पूर्व सेना प्रमुख बाजवा पर कटाक्ष करते हुए उनकी सरकार की विदाई के लिए पूर्व सेना प्रमुख को जिम्मेदार बताया। उनका कहना है कि बाजवा ने ही अमेरिकियों को यह समझा रखा था कि इमरान खान अमेरिका विरोधी है। पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए बाजवा को इमरान खान ने सुपर किंग बताते हुए कहा कि वे सरकार के साथ सुपर किंग जैसा बर्ताव करते थे। उन्होंने कहा कि वे केवल कठपुतली की तरह रह गए थे और बाजवा खुद विदेश नीति, आर्थिक नीति सहित अन्य मामलों के विशेषज्ञ बन गए थे।

## तुर्किये के भूकंप ने हिलाया एर्दोगन का राजनीतिक किला! 20 साल बाद हो सकती है सत्ता से विदाई

**तुर्किये।** तुर्किये में बीते हफ्ते आए विनाशकारी भूकंप से हजारों लोग असमय इस दुनिया से विदा हो गए लेकिन अब इस भूकंप को लेकर तुर्किये के लोगों में जो गुस्सा है, वह तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन की सत्ता से विदाई का कारण बन सकता है! बता दें कि तुर्किये में आए भूकंप से अब तक 24,500 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हैं। अभी मौतों का यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। इस भूकंप से तुर्किये के इतिहास के ताकतवर नेताओं में से एक रेसेप तैयर एर्दोगन के राजनीतिक किला भी हिल गया है।

# तुर्किये-सीरिया में 34 हजार से ज्यादा मौतें!

## सीरिया बॉर्डर से लौटीं 3 देशों की रेस्क्यू टीम, विद्रोहियों की झड़पों में जान गंवाने का डर

**इस्लामाबाद।** तुर्किये और सीरिया में भूकंप से खतरनाक तबाही मची है। इन दोनों देशों में अब तक 34 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच कई देश सीरिया बॉर्डर पर रेस्क्यू ऑपरेशन छोड़कर वापस लौट रहे हैं।

इजरायल ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपनी टीम हतजाला ग्रुप को इमरजेंसी फ्लाइट से वापस बुला लिया। इससे पहले जर्मनी और ऑस्ट्रिया ने भी अपने बचाव दलों के तुर्किये से निकाल लिया था।



दरअसल, इजरायल समेत कई देशों की इंटेलिजेंस एजेंसी को इनपुट मिला है कि तुर्किये बॉर्डर पर अलग-अलग गुटों में हिंसक झड़प होने वाली हैं। जिनसे वहां पहुंचे बचाव कर्मियों की जान को खतरा है। जर्मनी के बचाव दल ने भी बताया कि वहां गोलीबारी हो रही है। वहीं तुर्किये के कहरामनमारस में रविवार देर रात 4.7 की तीव्रता का एक और भूकंप का झटका महसूस किया गया। तुर्किये में 6 फरवरी को आए भूकंप के बाद लगातार आफ्टरशॉक आ रहे हैं जिनसे लोग परेशान हैं।

**अंताक्या में लोग शवों के ढेर में अपनों के तलाश रहे**

तुर्किये के अंताक्या शहर में लोग शवों के ढेर में अपनों की तलाश कर रहे हैं। यहां एक 12 मंजिला इमरातें धराशायी हो गईं। भूकंप के दौरान इसमें करीब एक हजार लोग मौजूद थे। 6 दिन बाद यहां से शवों को बाहर निकाला जा रहा है। इन शवों की पहचान करना मुश्किल हो रहा है, इसलिए इन्हें बॉडी बैग में भरा जा रहा है। परिजन इन बैग को खोलकर अपनों की पहचान कर रहे हैं।

**दुनिया में हर साल 20 हजार भूकंप आते हैं**

हर साल दुनिया में कई भूकंप आते हैं, लेकिन इनकी तीव्रता कम होती है। नेशनल अर्थक्वेक इन्फॉर्मेशन सेंटर हर साल करीब 20 हजार भूकंप रिकॉर्ड करता है। इसमें से 100 भूकंप ऐसे होते हैं जिनसे नुकसान ज्यादा होता है। यह कुछ सेकेंड तक रहता है। अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा देर तक रहने वाला भूकंप 2004 में हिंद महासागर में आया था। यह भूकंप 10 मिनट तक रहा था।

## अमेरिका से तनातनी के बीच चीन बढ़ा रहा परमाणु ताकतः रिपोर्ट का दावा- साल 2035 तक 900 न्यूक्लियर हथियार तैयार कर लेगा

**बीजिंग।** अमेरिका और ताइवान के साथ लगातार खराब होते संबंधों के बीच चीन अपनी परमाणु ताकत बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने एक ब्लू प्रिंट तैयार किया था। जिसे वहां के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अब अप्रूव कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2035 तक चीन अपने परमाणु हथियारों की संख्या तीन गुना तक बढ़ा कर 900 कर लेगा।

क्योडो न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक कई फॉरेन एक्सपर्ट्स ने दावा किया है कि चीन परमाणु हथियारों के 'नो फर्स्ट यूज' की पॉलिसी को भी छोड़ सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि चीन युद्ध की स्थिति में किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला कर सकता है।

**2027 तक 550 परमाणु हथियार तैयार होंगे**

क्योडो की रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन 2027 में अपनी सेना के 100वें स्थापना वर्ष तक 550 परमाणु हथियार तैयार कर लेगा। जबकि बाकी के 350 वेपन 2035 तक तैयार कर लिए



जाएंगे। पिछले साल नवंबर के महीने में चीन की टॉप मिलिट्री बॉडी ने खतरनाक क्षमता वाले परमाणु हथियारों की अहमीयत पर जोर दिया था। उनका कहना था कि यूक्रेन जंग के बीच रूस की परमाणु ताकत ने ही नाटो देशों को उस पर हमला करने से रोका हुआ है।

**2022 में अमेरिका ने भी किया था ऐसा दावा**

क्योडो की रिपोर्ट से पहले 2022 में अमेरिका ने भी दावा किया था कि चीन परमाणु ताकत बढ़ा रहा है। अमेरिकी अनुमान के मुताबिक चीन 2035 तक अपने परमाणु हथियारों की संख्या 1500 कर लेगा। अमेरिकी नेता नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया था।

अमेरिका के एक रक्षा अधिकारी ने कहा था कि चीन की मंशा बेहद चिंताजनक है। यह देश राजनीतिक रूप से अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनने की शक्ति रखता है। चुनौती बनने के लिए एक बड़ा कारण तकनीक का भी है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में सबसे ज्यादा परमाणु हथियार रूस के पास हैं। चीन परमाणु हथियारों के मामले में दूसरे तो भारत सातवें स्थान पर है।

**भारत को चीन से सबसे ज्यादा खतरा**

एशिया में अभी चीन के लिए सबसे बड़ी चुनौती भारत बना हुआ है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में जापान भले आगे हो, मगर भारत की छवि ऐसे देश की है, जो बिना किसी महाशक्ति के सपोर्ट के भी अपनी जगह तेजी से बना रहा है। ऐसे में चीन की प्राथमिकता हर मोर्चे पर भारत को रोकने की है। चीन मानता है कि अगर सामरिक मोर्चे पर वह भारत को उलझाता है तो पूरे एशिया को अपनी ताकत दिखा सकता है। साथ ही उसे यकीन है कि भारत के मामले में अमेरिका सीधे तौर पर नहीं उतरना चाहेगा। ऐसे में विशेषज्ञ मानते हैं कि 2023 में भारत-चीन सीमा एशिया में तनाव का सबसे बड़ा पॉइंट बन सकता है।

## अमेरिका ने एक और संदिग्ध वस्तु को आसमान पर मार गिराया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने हवाई क्षेत्र में नजर आई एक और अज्ञात वस्तु को मार गिराया। एक दिन पहले अमेरिका ने कनाडा के ऊपर नजर आई इसी तरह के एक 'बेलनाकार' वस्तु को मार गिराया था। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन के निर्देश पर एफ-16 लड़ाकू विमान ने मिशिगन राज्य में हूरोन झील के ऊपर अमेरिकी हवाई क्षेत्र में लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ रही वस्तु को मार गिराने के लिए एआईएम9एक्स से हमला किया। एआईएम9एक्स लक्ष्य को भेदने में सफल रहा।



पिछले दक्षिण कैरोलाइना के तट से दूर अटलांटिक महासागर में चीन के एक जासूरी गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद, यह एक सप्ताह में अज्ञात हवाई वस्तु की इस तरह मार गिराए जाने का तीसरा वाकया है। अमेरिकी लड़ाकू विमान शुक्रवार को अलास्का और कनाडा के हवाई क्षेत्र में ऐसी ही अज्ञात वस्तुओं को निशाना बना चुके हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन ने रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की सिफारिश पर हवा में उड़ रही वस्तु को मार गिराने का आदेश दिया। पेंटागन ने कहा कि इस वस्तु को मार गिराने के लिये ऐसी जगह को चुना गया जिससे जमीन पर लोगों को कोई नुकसान न उठाना पड़े।

## पूर्व विदेश मंत्री निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स चुने गए साइप्रस के नए राष्ट्रपति

**निकोसिया।** साइप्रस के पूर्व विदेश मंत्री निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स को देश का नया राष्ट्रपति चुना गया है। उन्होंने कांटे के संघर्ष में एंड्रियास मावरोयनिस को चुनाव में हराया । साइप्रस में इस बार का चुनाव खासा संघर्ष भरा माना जा रहा था। इस बार पिछली बार की तुलना में अधिक वोट पड़े। साइप्रस के कुल मतदाताओं में से 72.4 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें से 51.9 प्रतिशत ने पूर्व विदेश मंत्री निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के पक्ष में मतदान किया। उनके प्रतिद्वंद्वी एंड्रियास मावरोयनिस को 48.1 प्रतिशत वोट मिले हैं। चुनाव में हार स्वीकार करते हुए एंड्रियास मावरोयनिस ने चुनाव परिणामों के बाद एक यात्रा समाप्त होने की बात कही। उन्होंने अपने चुनाव अभियान को एक शानदार यात्रा करार देते हुए कहा कि उन्होंने इस यात्रा को हजारों लोगों के साथ साझा किया। उन्होंने दुख जाहिर किया कि वे साइप्रस के लिए जरूरी बदलाव को हासिल नहीं कर सके। उधर मतगणना से पहले ही क्रिस्टोडौलाइड्स ने अपनी जीत पर भरोसा जताया




था। उन्होंने कहा था कि साइप्रस के लोग जानते और समझते हैं कि दांव पर क्या लगा है। उन्होंने साइप्रस की जनता के फैसले पर पूरा भरोसा जताया था। अंततः उन्हें चुनाव जिताकर जनता ने भी निराश नहीं किया।

## हनीमून के दौर में ही नेपाल की प्रचंड सरकार के गठबंधन में दिखने लगी दरार

**काठमांडू।** नेपाल में प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार हनीमून के दौर में ही एक के बाद एक संकटों का सामना कर रही है। सरकार के घटक दल नेशनल इंडिपेंडेंट पार्टी (राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी) के बाद अब सिविल लिबर्टीज पार्टी (नागरिक उन्मुक्ती पार्टी) और जनमत पार्टी ने नाराजगी दिखानी शुरू कर दी है। दोनों पार्टियों ने सरकार चलाने के लिए बनाए गए तंत्र में शामिल होना बंद कर दिया है।

जनमत पार्टी का एक मंत्री सरकार में है और नागरिक मुक्ति पार्टी सरकार का बाहर से समर्थन कर रही है। नागरिक मुक्ति पार्टी के केंद्रीय सदस्य हिमांचल भट्टराई ने कहा, ''बड़ी पार्टियों ने हमें नजरअंदाज किया, इसलिए हम सरकार से बाहर हैं, लेकिन हमारा समर्थन अभी तक बरकरार है।'' सुदूर पश्चिम प्रांत की सरकार बनने के ठीक एक महीने बाद ही गिर गई। इसकी वजह सत्ताधारी गठबंधन के बीच की कलह रही है। इस घटना से विपक्षी गठबंधन के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल ने केंद्र में यह गठबंधन टूटने के संकेत दिए हैं। पुष्पकमल दहल प्रचंड ने चुनाव से पहले नेपाली कांग्रेस,

> *चुनावी मुद्दे पर विवादों के कारण प्रचंड सीपीएन यूएमएल (एमाले) के साथ गठबंधन करके आगे बढ़े। एक मुद्दा यह भी सामने आ रहा है कि प्रचंड फिर से पुराने गठबंधन को बढ़ावा दे सकते हैं।*

सीपीएन यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी (एकीकृत समाजवादी) के साथ गठबंधन किया था। चुनावी मुद्दे पर विवादों के कारण प्रचंड सीपीएन यूएमएल (एमाले) के साथ गठबंधन करके आगे बढ़े। एक मुद्दा यह भी सामने आ रहा है कि प्रचंड फिर से पुराने गठबंधन को बढ़ावा दे सकते हैं। इसी विषय को लेकर प्रचंड पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और माधव कुमार नेपाल से लगातार बात कर रहे हैं।

## नई सरकार में दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने का मुद्दा

**जनमत संग्रह के जरिए नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाना जरूरी : शशांक कोइराला**

**काठमांडू।** नेपाल में हिंदू राष्ट्र का मुद्दा दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर चुनाव लड़ने के बाद संसद में पांचवीं शक्ति बन गई है। संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस भी हिंदू राष्ट्र कांग्रेस के संस्थापक नेता हैं। इसलिए उनकी अभिव्यक्ति सार्थक



मानी जाती है, लेकिन नेपाली कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी बन गई है। अब उस दल में हिन्दू राष्ट्र के समर्थकों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। हिंदुत्ववादी राष्ट्र पक्षधर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के समर्थन से पुष्प कमल दहल प्रचंड नेपाल में प्रधानमंत्री बने और नेपाली कांग्रेस को भी सरकार में शामिल किया। सरकार में शामिल होने के बाद नेपाली कांग्रेस के मंत्रियों ने हिंदू राष्ट्र और राजशाही के पक्ष में बोलकर राजनीतिक लहर ला दी है। प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से मंत्री बने सांसदों को गणतंत्रवाद, धर्मनिरपेक्षता और संघवाद के खिलाफ न कहने की चेतावनी दी है, लेकिन सरकार में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी के मंत्रियों के बीच बहस छिड़ी हुई है। इसी वजह से प्रचंड सरकार के गठबंधन सदस्यों के बीच अनबन बढ़ती जा रही है।

वर्ष 2015 में जारी संविधान में नेपाल को धर्मनिरपेक्ष देश घोषित किया गया था। लोगों ने इस कदम का विरोध किया है, लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी का शीर्ष नेतृत्व धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में बोलता रहा है। नेपाली कांग्रेस में भी कुछ प्रभावशाली नेता हिन्दू राष्ट्र के पक्ष में खुलकर बोलने लगे हैं। नया संविधान जारी होने से पहले नेपाल दुनिया का एकमात्र हिंदू राष्ट्र था।

वर्ष 2015 के संविधान में हिंदू राष्ट्र को धर्मनिरपेक्ष घोषित करने में प्रचंड की मुख्य भूमिका थी। उस समय इसके खिलाफ आवाज उठी थी, लेकिन वह उतनी मजबूत नहीं थी। हाल के दिनों में हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर आवाज तेज होती जा रही है। इस मुद्दे के बल पर चुनाव से पहले प्रभावशाली नेताओ ने धार्मिक स्थल का दौरा कर उसकी तस्वीरें प्रकाशित की थीं। इस दौड़ में नेपाली कांग्रेस नेताओं के अलावा कम्युनिस्ट नेता भी शामिल थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## क्या अमेरिकी एयरस्पेस में उड़ रहे थे एलियंस? सैन्य कमांडर ने कहा- 'इनकार नहीं कर सकते'

**वाशिंगटन।** अमेरिका में चीनी जासूसी गुब्बारे जैसे संदिग्ध ऑब्जेक्ट दिखना बंद नहीं हो रहे हैं। पिछले दिनों चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद से अब तक अमेरिकी एयर स्पेस में ऐसे चार ऑब्जेक्ट को देखा जा चुका है, जिन्हें अमेरिकी वायु सेना द्वारा मार गिराया गया। अब यूएस नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड और नॉर्दर्न कमांड के प्रमुख वायु सेना जनरल ग्लेन वानहर्क ने चौंकाने वाली बात कही है।

ग्लेन वानहर्क ने कहा, वह इस संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं कि अमेरिकी सेना द्वारा मार गिराई गई वस्तुएं एलियंस नहीं हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि खुफिया विशेषज्ञ उसका अध्ययन किस प्रकार करते हैं। मैं इस बारे में पता लगाने की जिम्मेदारी खुफिया विभाग और वैज्ञानिक समुदाय पर छोड़ता हूं। फिलहाल हम अमेरिका की तरफ आने वाले सभी अनजान खतरों और संभावित खतरों की पहचान



कर उनकी जानकारी जुटाते हैं।

**हम उन्हें गुब्बारा किसी कारण से नहीं कह रहे**

अमेरिकी सैन्य कमांडर ने कहा है कि अभी तक यह भी निर्धारित नहीं हो सका है कि पिछले तीन दिनों में मार गिराए गए ऑब्जेक्ट अमेरिकी एयरस्पेस में कैसे पहुंचे। उन्होंने कहा, हम उन्हें चीनी गुब्बारा किसी कारण से नहीं कह रहे हैं।

**भी देखा गया था ऑब्जेक्ट**

बता दें, अमेरिकी एयर स्पेस में संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारा देखे जाने के बाद संदिग्ध ऑब्जेक्ट एक के बाद एक सामने आ रहे हैं। बीते भी अमेरिकी सेना ने एक ऑब्जेक्ट को अमेरिका-कनाडाई सीमा पर हूरोन झील के ऊपर देखा गया था और इसी मार गिराया।

**छह चीनी कंपनियां ब्लैकलिस्ट**

अमेरिका ने चीन की छह कंपनियों को निर्यात ब्लैकलिस्ट में डाल दिया है। अमेरिका ने यह कदम चीन के जासूसी गुब्बारे मामले के बाद उठाया है। अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने यह जानकारी दी है। जिन कंपनियों को अमेरिका ने ब्लैकलिस्ट किया है, उनका संबंध चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी से बताया जा रहा है। अमेरिका का कहना है कि चीनी सेना हाई एल्टीट्यूड बैलून्स का इस्तेमाल कर खूफिया गतिविधियां कर रही है।

**इन कंपनियों को किया गया ब्लैकलिस्ट**

जिन कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया गया है, उनमें बीजिंग नानजियांग एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी, चाइना इलेक्ट्रोनिक्स टेक्नोलॉजी ग्रुप कॉरपोरेशन 48th रिसर्च इंस्टीट्यूट, डोनगुआन लिंगकोन रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी कंपनी, ईगल्स मैन एविएशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप कंपनी, ग्वांगझू टियान हाई जियांग एविएशन टेक्नोलॉजी कंपनी और शांगझी ईगल्स मैन एविएशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप कंपनी शामिल हैं।

## शेयर बाजार ने की सपाट शुरूआत, सेंसेक्स 342 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली।** मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार की सपाट शुरूआत हुई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 341.93 अंक यानी 0.56 फीसदी फिसलकर 60,340.77 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज का (निफ्टी) भी 117.35 अंक यानी 0.66 फीसदी की गिरावट के साथ 17,739.15 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। बाजार में शुरूआती कारोबार में बिकवाली हावी है। अडाणी पोर्ट्स के शेयरों में 2 फीसदी की बढ़त और आईटी सेक्टर के शेयरों में कमजोरी दिख रही है। इंफोसिस के शेयरों में दो फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि मेटल सेक्टर के शेयरों में मजबूती दिख रही है। हालांकि, अडाणी एंटरप्राइजेस के शेयरों में हल्की मजबूती दिख रही है। टाटा स्टील, टाइटन, पावरग्रिड और एलएंडटी के शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं।